


नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 229 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, मंगलवार 28 जून 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर सार्वभौम पीडीएस योजना से जिले में 1 लाख 77 हजार परिवार ...

जूटमिल क्षेत्र में हो रही अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाए... पेज -8 पर


## एक नजर

### राज्यपाल सुश्री उइके से सीताराम अग्रवाल ने की भेंट



**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में मंगल भवन धर्मशाला समूह के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी श्री सीताराम अग्रवाल ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर श्रीमती शकुंतला अग्रवाल भी उपस्थित थीं।

### मुख्यमंत्री 120 करोड़ 50 लाख रूपए के 152 विकास कार्यों की दी सौगात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज जशपुर में 120 करोड़ 50 लाख 55 हजार रुपए के कुल 152 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसके अंतर्गत 60 करोड़ 61 लाख 22 हजार रूपए के 89 कार्यों का लोकार्पण एवं 59 करोड़ 89 लाख 33 हजार रूपए के 63 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। उन्होंने इस अवसर पर सर्व प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की विधिवत रूप से पूजा अर्चना करते हुए प्रतिमा पर माल्यर्पण किया।

## सजायाफ्ता कैदी ने सेंट्रल जेल में लगाई फांसी, प्रहरी निलंबित

अंबिकापुर। संभाग मुख्यालय अंबिकापुर के सेंट्रल जेल में रविवार की रात सजायाफ्ता बंदी ने बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली।

बंदी द्वारा फांसी लगाए जाने की सूचना मिलने पर जेल में हड़कंप मच गया। देर रात पुलिस अधिकारी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच गए। मामले में जेल अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात प्रहरी को निलंबित कर दिया है। कड़ी सुरक्षा के बीच बंदी द्वारा फांसी लगाए जाने को लेकर जेल प्रबंधन भी सकते में है।

मिली जानकारी के अनुसार, सेंट्रल जेल अंबिकापुर में रविवार की शाम को निर्धारित समय पर गिनती के बाद सभी बंदी और कैदी अपने-अपने बैरक में चले गए थे। रात लगभग 11 बजे बैरक संख्या - 9 में कैदी लुकन राम ने बाथरूम जाने की बात कही थी।



**हत्या के लिए आजीवन कारावास की काट रहा था सजा**

काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो बैरक में रहने वाले दूसरे कैदियों को शक हुआ। दूसरे बंदियों ने बाथरूम में जाकर आवाज लगाई तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर बंदियों ने दरारों से झांक कर अंदर देखा तो उसने बाथरूम में लुकन राम का शव फांसी पर झूलते हुए देखा। घटना की सूचना मिलते ही केंद्रीय जेल प्रबंधन हरकत में आया। जिसके बाद जिला और पुलिस-प्रशासन को रात में ही सूचना दे दी गई थी।

### बाथरूम को किया गया सील

देर रात कार्यपालिक दंडाधिकारी अंबिकापुर तहसीलदार और कोतवाली थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह केंद्रीय जेल पहुंचे थे। अधिकारियों ने निरीक्षण कर बाथरूम को जांच के लिए सील कर दिया है। मृतक बंदी लुकन राम मूलत: बलरामपुर जिले के राजपुर का रहने वाला था। हत्या के आरोप में न्यायालय से उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। उसने अपनी सजा के 12 वर्ष काट लिए थे। सोमवार सुबह कार्यपालक दंडाधिकारी की उपस्थिति में पंचनामा की कार्रवाई पूरी की गई। कैदी ने फांसी क्यों लगाई यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई थी।

## 11 साल की बेटी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी पिता को उम्र कैद

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में 11 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले नराधम पिता को कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। पत्नी की मौत के बाद पिता पिछले 3 वर्षों से अपनी ही बेटी को हबस का शिकार बन रहा था।



बच्ची की बड़ी मां ने मोहल्ले के लोगों की मदद से पुलिस की रक्षा टीम को इसकी जानकारी दी थी, तब पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया था। बच्ची की काउंसिलिंग कराई गई और उसके पिता के खिलाफ केस दर्ज किया गया। जिला न्यायालय ने दुष्कर्मी पिता को उसकी करतूतों की सजा दी है। आरोपी को अब जीवनभर में जेल में रहना होगा।

बता दें कि यह मामला बिलासपुर जिले के सिरगिट्?टी थाना क्षेत्र का है। 20 जनवरी 2021 को यह मामला सामने आया था। 11 साल की बच्ची से उसके पिता ने ही दुष्कर्म किया था। बच्ची की मां की मौत 5 साल पहले हो गई थी। वह अपने पिता के पास ही रहती थी। कलयुगी पिता की बुरी नीयत मासूम पर तब पड़ी, जब वह 8 साल की थी। इसके बाद से वह 3 वर्षों तक लगातार बच्ची से दुष्कर्म करता रहा। 20 जनवरी 2021 को शराब के नशे में धुत होकर पिता घर पहुंचा और बेटी से शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करने लगा। बच्ची ने शोर मचाया तब आवाज सुनकर पड़ोस की महिलाएं घर पहुंची।

### बड़ी मां व पड़ोसियों की सूचना पर पकड़ाया था आरोपी

पड़ोसियों को देखकर बच्ची का पिता घर से भाग गया। बच्ची ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। मोहल्ले वालों ने बच्ची को उसकी बड़ी मां के घर भेज दिया। बड़ी मां ने मासूम को एक दिन अपने घर पर रखा, फिर दूसरे दिन उसे उसके पिता के घर छोड़ दी। बच्ची घबराई हुई थी। बच्ची की बड़ी मां ने पड़ोसियों की मदद से पुलिस की रक्षा टीम को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बच्ची की काउंसिलिंग कराई, तब मासूम ने आप बीती सुनाई। पुलिस ने जांच के बाद कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

उमड़ पड़ी परेशान जनता की भीड़

## महापौर शिकायतें सुनने पहुंचे तो 6 घंटे में 315 मामले आए

नाला बनवाने विधायक और ढेबर ने दिए 5-5 लाख

**रायपुर।** रायपुर के महापौर सोमवार को एक नए अभियान के साथ लोगों के बीच पहुंचे। मोर महापौर मोर द्वार नाम के इस अभियान के तहत निगम के पार्षद, अफसरों की टीम ने शहर के गोगांव और कबीर नगर इलाके का दौरा किया। करीब 6 घंटे तक निगम की टीम लोगों के बीच रही। इस दौरान नाली, कचरा, स्ट्रीट लाइट से जुड़ी शिकायतें लेकर भीड़ शिविर स्थल पर पहुंच गईं। जोन 1 और 8 के मोहल्लों में लगे शिविर में दिन भर में 315 शिकायतें पहुंचीं। निगम की तरफ से दावा किया गया है कि इसमें 301 मामलों को सुलझा लिया गया, बाकी 14 मामलों में कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। इस अभियान के पहले दिन जोन 1 के संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 में गोगांव के मिडिल स्कूल गोगांव और जोन क्रमांक 8 के पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 में सामुदायिक भवन कबीर नगर में शिविर लगाया गया।



रायपुर विधायक सत्यनारायण शर्मा, हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष और विधायक कुलदीप जुनेजा, सभापति प्रमोद दुबे रायपुर रायपुर ग्रामीण सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा एमआईसी सदस्य नागभूषण राव यादव,जोन 1 के अध्यक्ष मनीराम साहू, जोन 8 के अध्यक्ष घनश्याम क्षत्रिय जैसे पदाधिकारी भी शिविर में पहुंचे हुए थे। नगर निगम की एक खास बस में सवार होकर ये सभी मौके पर पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनीं।

### इस तरह की परेशानियां

सुखराम नगर इलाके में लोगों ने बताया कि नाला नहीं होने की वजह से पानी निकासी की समस्या है। विधायक सत्यनारायण शर्मा और महापौर ने इस वजह से अपनी निधियों से 5 - 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

## मोर महापौर मोर द्वार अभियान का शुभारंभ किया

रायपुर। नगरीय प्रशासन विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज रायपुर नगर निगम की ''मोर महापौर मोर द्वार अभियान'' का शुभारंभ किया।



उन्होंने शुभारंभ अवसर पर नगर निगम के महापौर, पार्षद और अधिकारियों की टीम को हरी झण्डी दिखाकर बस से रवाना किया गया। यह टीम नगर निगम रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनेगी। इस अभियान के तहत आम नागरिक भी महापौर से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क कर सकते हैं और उन्हें अपनी समस्याओं और सुझावों से अवगत करा सकते हैं। नगर प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने 'मोर महापौर मोर द्वार अभियान' को नागरिकों के हित में बताते हुए इस अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस अभियान से रायपुर नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को फायदा मिलेगा। लोगों तक बेहतर नागरिक सुविधाएं पहुंचेंगी। डॉ. डहरिया ने कहा कि महापौर श्री एजाज ढेबर ने यह अच्छी शुरूआत की है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा, श्री कुलदीप जुनेजा, नगर निगम के सभापति श्री प्रमोद दुबे सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## विष्णुदेव का बघेल से सवाल, देश सेवा बड़ी या गोबर संग्रह

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने अग्निपथ के विरोध में कांग्रेस के धरना प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल किया है कि वे स्पष्ट करें कि देश के लाखों युवाओं का भविष्य गढ़ने वाली अग्निपथ योजना और गोबर संग्रह के विकल्प में से कौन बेहतर है? ग्रामीण परिवेश में गोबर संग्रह से किसी को कोई आपत्ति नहीं है लेकिन सवाल यह है कि राजनीतिक विरोध के किये भूपेश बघेल युवाओं को भ्रमित क्यों कर रहे हैं? प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनौती दी है कि वे अग्निपथ और गोबर संग्रह के रोजगार में युवाओं के भविष्य पर जब जहां चाहें, खुली बहस कर लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दावा करते हैं कि गोबर बेचकर किसी ने मोटर साइकिल खरीद ली, कोई सम्पन्न हो गया।

## अधिकारी खाद-बीज के वितरण व्यवस्था पर रखे कड़ी निगरानी : कृषि मंत्री

बेमेतरा जिले में खाद-बीज भण्डारण एवं उठाव की समीक्षा

रायपुर। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने आज बेमेतरा के न्यू-सर्किट हाउस में कृषि, सहकारिता, बीज निगम के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर जिले में खाद-बीज के भण्डारण एवं उठाव की स्थिति की समीक्षा की।



उन्होंने अधिकारियों को सहकारी सोसायटियों एवं निजी क्षेत्रों में खाद-बीज के भण्डारण एवं वितरण के स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने के साथ ही अधिकारियों को इसकी गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद एवं बीज के लिए भटकना न पड़े, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि किसानों द्वारा स्वर्णा एवं महामाया धान बीज की डिमाण्ड आ रही है। मंत्री ने बीज निगम के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उक्त बीज किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया कि खरीफ सीजन 2022 में जिले के सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 52,300 मीटरिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिसके विरूद्ध अब तक यूरिया 19,903 मीटरिक टन, डीएपी 9876 मिटरिक टन, पोटाश 2508 मिटरिक टन, सुपरफास्फेट 3074 मिटरिक टन एवं एनपीके 7 मिटरिक टन इस प्रकार कुल 35368 मिटरिक टन उर्वरक का भण्डारण समितियों में किया गया है। जिसके विरूद्ध कृषकों द्वारा अब तक यूरिया 16,462 मिटरिक टन, डीएपी 8994 मिटरिक टन, पोटाश 1759 मिटरिक टन, सुपरफास्फेट 2549 मिटरिक टन एवं एनपीके 1 मिटरिक टन इस प्रकार कुल 29,765 मिटरिक टन उर्वरक का उठाव किया जा चुका है। इसी प्रकार खरीफ सीजन 2022 हेतु जिले को 37,735 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य है। जिले में अब तक धान 21,288.90 क्विंटल, कोदो 129.76 क्विंटल, अरहर 115.96 क्विंटल, सोयाबीन 495.90 क्विंटल एवं सन-ढेंचा 6.90 क्विंटल इस प्रकार कुल 22,037.42 क्विंटल बीज का भण्डारण हुआ है।

**उपलब्धि..** छत्तीसगढ़ को संधारणीय विकास, गरीबी उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

## छत्तीसगढ़ को लघु वनोपज प्रोसेसिंग एक और उपलब्धि

रायपुर। छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इस तरह अब विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल का प्रभाव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित होने लगा है।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

यह गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ तथा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ तथा जगदलपुर जिले के वनधन विकास केन्द्र बकावण्ड और कोरबा जिले के डोंगानाला के दो स्व-सहायता समूह को प्रतिष्ठित ग्रिड पुरस्कार के लिए ई.एस.जी. वर्ल्ड समिट में नामित एवं चयनित किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने छत्तीसगढ़ की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए राज्य लघु वनोपज संघ सहित सभी वनधन केन्द्र के समूहों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ को यह पुरस्कार संधारणीय विकास,गरीबी उन्मलन तथा महिला सशक्तिकरण की श्रेणियों में प्राप्त हुए हैं। विजेताओं का चयन लगभग तीन माह चले तीन चरणों में कठोर परीक्षण मापदंडों पर प्रस्तावों के विश्लेषण के आधार पर किया गया। सिंगापुर के कार्प स्टेज तथा ई.एस.जी रिसर्च फाउंडेशन का उद्देश्य ईएसजी मापदंड विकास के लक्ष्यों तथा प्रभावों को विस्तारित करना तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा निर्धारित संधारणीय विकास लक्ष्यों की स्थापना है। इन पुरस्कारों के लिए 'संधारणीय विकास लक्ष्यों' की श्रेणियों के अनुसार, पूरे विश्व के व्यवसायियों से नामांकन प्राप्त किए गए थे।

**सिंगापुर में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ सहित जगदलपुर और कोरबा के दो महिला स्व-सहायता समूह होंगे पुरस्कृत**

ई.एस.जी ग्रिट पुरस्कार समारोह सिंगापुर में आगामी 22 और 23 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इसमें भाग लेने विजेता स्व-सहायता समूहों की 2-2 महिला सदस्य पुरस्कार लेने सिंगापुर भेजा जाएगा। यह आदिवासी महिलाएं पहली बार विदेश यात्रा करेंगी। चयनित महिलाओं में डोंगानाला से सुश्री सरोज पटेल तथा फूल बाई नेती और बकावण्ड से सुश्री पद्मिनी बघेल तथा बेला बाई कश्यप शामिल है।

## क्रीड़ा परिसरों में व्यवस्था सुधार हेतु अधिकारियों को निर्देश

**रायपुर।** आदिम जाति विभाग की आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी ने आदिम जाति विभाग द्वारा संचालित सभी क्रीड़ा परिसरों में व्यवस्था सुधार के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने क्रीड़ा परिसरों में रिक्त सीटों को शीघ्र भरने के लिए अपने क्षेत्र में पर्याप्त प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। श्रीमती आबिदी आज इंद्रावती भवन में विभागीय क्रीड़ा परिसरों के उचित कियान्वयन के संबंध में विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी। समीक्षा बैठक में संबंधित जिलों के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, क्रीड़ा परिसरों के व्यायाम शिक्षक और कोच उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में विभाग के अंतर्गत 16 जिलों में कुल 19 क्रीड़ा परिसर संचालित किए जा रहे हैं। इन कीड़ा परिसरों में 100 सीट मान से कुल 1900 सीट स्वीकृत हैं।



**शम्मी आबिदी ने की प्रदेश में संचालित 19 क्रीड़ा परिसरों की समीक्षा**

प्रत्येक क्रीड़ा परिसर में प्रत्येक विद्यार्थी को वर्ष में एक बार 3 हजार रूपए की संपूर्ण खेल पोषाक दी जाती है। इसमें एक जोड़ी ट्रैक सूट, एक जोड़ी स्पोटर्स या वार्मअप शूज, दो जोड़ी मोजा एवं दो जोड़ी खेल पोषाक शामिल है। समीक्षा बैठक में विभागीय क्रीड़ा परिसरों में स्वीकृत एवं रिक्त सीटों पर चर्चा की गई।

# विमर्श के अभाव में सुलगता देश: योजनाओं की घोषणा और पीछे कदम लेती सरकार

*कमोबेश पूरा देश इन दिनों विरोध की लपटों के चपेट में है। केंद्र की ओर से घोषित सैन्य बहाली की नई योजना अग्निपथ के खिलाफ उठी चिंगारी देखते ही देखते आग के शोलो में तब्दील हो गई है। विरोध की इस आग में भारतीय रेलवे की करोड़ों की सम्पत्ति अब तक स्वाहा हो चुकी है। अग्निपथ पर खड़े देश को सुलगाने और चोटिल करने की कोशिश अचानक की नहीं है। आगजनी और पत्थरबाजी के सुनियोजित षड्यंत्र की आंच पिछले कुछ दिनों से लगातार लगातार जलाई जा रही थी।*

लघु अवधि सैन्य सेवा की योजना अग्निपथ पर केंद्र सरकार, तीनों सेना के प्रमुख, और सैन्य सेवा की तैयारी कर रहे युवाओं के अलावा सेना के रिटायर्ड वेटरन्स की अपनी अपनी राय है।

अग्निपथ योजना लेकर जहां देश के प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा है की समय आने पर इसका फायदा दिखेगा। वहीं सर्वोच्य सैन्य अधिकारियों ने इसे बहुप्रतीक्षित बताया है, इनके अनुसार सेना सन 1989 से ही इस परिवर्तन को लेकर प्रयत्नशील थी। किंतु उचित समय की प्रतीक्षा में यह लंबित था। अब जब कोरोना काल के नाते पिछले दो वर्षों से सैन्य बलों मे भर्ती रुकी पड़ी है। ऐसे में इस योजना को लाने का इससे बेहतर अवसर हो ही नहीं सकता। साथ ही सैन्य बलों मे जवानों की नियमित और पूर्ववर्ती भर्ती पर रोक की घोषणा भी सेना कर चुकी है। जहां तक इसके पक्ष में दलीलों की बात करें तो यह युगांतरकारी है। इससे सैन्य बलों की औसत आयु कम होगी। देश को युवा सैनिक मिलेंगे। इनमें से एक चौथाई को आगे स्थाई नियुक्ति भी मिलेगी। वहीं सैन्य बलों में कटौती के कारण भविष्य में भारतीय सेना तकनीकी आधारित युद्ध मे सक्षम होगी। इन अग्निवीरों के लिए अर्धसैनिक एवं पुलिस बलों मे आरक्षण की व्यवस्था बनाई गई है। वहीं देश के व्यवसायी घरानों के साथ ही विभिन्न राजनैतिक दलों के कार्यालयों में भी इनके लिए सेवा के बेहतर अवसर होंगे।




कमोबेश पूरा देश इन दिनों विरोध की लपटों के चपेट में है। केंद्र की ओर से घोषित सैन्य बहाली की नई योजना अग्निपथ के खिलाफ उठी चिंगारी देखते ही देखते आग के शोलो में तब्दील हो गई है। अग्निपथ योजना लेकर जहां देश के प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देशवासियों को आश्वस्त किया है।

अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर बनने वाले इन युवाओं को सेवा अवधि उपरांत लाखों रुपये मिलेंगे। इसके बावजूद भी देश का युवा आक्रोशित है? विपक्षी दल इसे भुनाने और सुलगाने में लगे हैं। जबकि देश विरोधी तत्व इस बहाने फिर एक बार देश जलाने मे लगा है। दरअसल मोदी सरकार में ये कोई पहली घटना नहीं है।

इससे पहले भी किसान आंदोलन, एनआरसी एवं सीएए और एससी एसटी एक्ट दुरुपयोग मामले में ऐसा हो चुका है। अपने आठ वर्षों के कार्यकाल में इन महत्वपूर्ण मसलों पर सोच, साहस एवं पहल के बावजूद सरकार बैकफुट पर रही है। इन सभी मामलों में योजना के निर्माण और उसकी घोषणा अथवा लागूकरण में विमर्श का घोर अभाव रहा है। इन निर्णयों को लेकर लागू करने से पहले देशव्यापी चर्चा या विमर्श का कोई माहौल नहीं खड़ा किया गया।

वहीं इसको लागू किए जाने के साथ देश भर में जिस व्यापक चर्चा संवाद को किया जाना चाहिए ता वो भी होता हुआ नहीं दिखा। सरकार बस फायदे भर गिनाती रही, वहीं नेता मंत्री बयान और ट्वीट कर सबकुछ नियंत्रण में है जैसा संदेश देते रहे। जबकि परिस्थितियां ठीक इसके उलट रही। सहमति संकल्पनाओं के बावजूद भी ये बदलाव वापस लेने परे या फिर लागू नहीं हो पाए। बात अगर हालिया ज्ञानवापी-पैगंबर विवाद की करें तो बिन मांगे ही संघ एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से बयान आने लगे। आखिर एक लोकतांत्रिक देश में विरोध को कैसे अनुचित ठहराया जा सकता है। वहीं बलात बंदी और सार्वजनिक संपत्तियों के नुकसान को आखिर कैसे कोई जायज ठहरा सकता है। अपराध बोध से भरे इन बयानों में न्याय एवं लोकतंत्र की जगह मजहबी भाईचारे की अपील थी। जबकि वादी पक्ष ने न्यायालय से साक्ष्यों के आधार पर यथाशीघ्र निर्णय की गुजारिश की थी। इसके लिए इनकी मांग 1991 के पूजा अधिनियम की निरस्ती, न्यायालय द्वारा ऐसे सभी मामलों में सुनवाई और शीघ्र निपटारे की है। ऐसा ही कुछ कृषि सुधार कानून में भी हुआ। वर्षों से लंबित इस सुधार को लागू होना था।

इसके कई प्रावधान प्रसिद्ध कृषि विज्ञानी एम एस स्वामीनाथन समिति द्वारा सुझाए गए थे। किंतु महिनों के आंदोलन, हिंसा और पंजाब चुनाव की आहट के नाते इसे पूरी तरह वापस लिया गया। एनआरसी एवं सीएए का मामला भी अब तलक लंबित है। जबकि यह केवल देश के पूर्वी और उत्तर पूर्वी राज्यों की समस्या नहीं अपितु देश की सुरक्षा और मतांधो से मानवता की रक्षा का भी मसला है। इसके बावजूद यह शाहीन बाग जैसे प्रदर्शन और प्रोपगंडा के नाते रुका पड़ा है।

एससी एसटी एक्ट दुरुपयोग मामले मे तो सरकार सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय तक पलट चुकी है। पुरोधा संगठन के प्रमुख की आरक्षण पर पुनर्विचार के सोच से ही सरकार बहादुर की पेशानी पर बल पड़ने लगता है। जबकि इसका आधार एकात्म मानववाद रूपी समानता का सम्यक दर्शन से जुड़ा है। देशव्यापी संपर्क और करोड़ों सदस्यों के बावजूद भी ऐसे हर मसले पर अटकाव ही दिखता है।

अमिय भूषण

## संपादकीय

### ये आग जो लगी है

अभी जो आग लगी है, उससे अविलंब सबक लेने की जरूरत है। नीति निर्माताओं को इस बात पर सोचना चाहिए कि आखिर पिछले तीन साल सड़कें लोगों के गुस्से के इजहार क्या मंच क्यों बन गई हैं?

सरकार की अग्निपथ योजना से सचमुच देश में आग भड़क उठेगी, सत्ता में ऊंचे पदों पर बैठे लोगों को इसका अंदाजा नहीं रहा होगा। लेकिन अब जबकि आग की लपटें दूर-दूर तक दिखी हैं, तो यह उचित होगा कि वे इसके कारणों पर गौर करें। अग्निपथ योजना से भारत की सुरक्षा व्यवस्था में क्या विसंगतियां पैदा होंगी, यह दीगर सवाल है। व्यापक संदर्भ में असल सवाल यह है कि सरकार की इस प्रायोगिक योजना से आखिर इतने बड़े पैमाने पर नौजवानों में गुस्सा क्यों भड़क उठा? सड़कों पर फूटते गुस्से का दायरा देखते-देखते जिस तरह विभिन्न राज्यों में फैल गया, वह इस बात का संकेत है कि सारे में बेहतर जिंदगी के प्रति निराशा का भाव समान रूप से फैला हुआ है। जब आम लोगों के आर्थिक हालात लगातार बिगड़ रहे हों, तो ऐसे भाव का घर जमा लेना अस्वाभाविक नहीं है।

इस परिस्थिति में अब हेडलाइन मैनेजमेंट की सीमाएं साफ होने लगी हैं। सरकार को इस पहलू पर अब अवश्य ध्यान देना चाहिए कि आर्थिक आंकड़ों में हेरफेर से जनमत को संभालना अब लंबे समय तक संभव नहीं होगा। इस रूप में ये प्रयास खुद सरकार के लिए झांसा बन कर रह जाएगा, जैसाकि अभी हुआ दिखता है। लेकिन यह स्थिति सिर्फ वर्तमान सरकार के लिए चुनौती नहीं है। बल्कि विपक्षी दलों के सामने भी यह सवाल है कि अब जहां देश पहुंच चुका है, उसे वहां से निकलाने का उनके पास क्या फॉर्मूला है?

## तालिबान को मान्यता नहीं देने के फैसले पर अब भी अडिग

तालिबान को दोबारा मजबूत होते देख अमेरिका ने पिछले साल जब काबुल से बाहर निकलने का फैसला किया, तब भारत भी अफगानिस्तान से बाहर निकल आया था। दरअसल अमेरिका ने अफगानिस्तान में जैसा बदलाव लाने की इच्छा जताई थी, दो दशक तक उस पर नियंत्रण बनाए रखने के बावजूद वह वैसा कुछ नहीं कर पाया था। 9/11 के बाद अफगानिस्तान की सत्ता से बाहर हुए तालिबान पिछले साल फिर सत्ता पर काबिज हो गए।

अल कायदा भले ही वैसा ताकतवर नहीं रहा, जैसा वह 9/11 के समय था, लेकिन आईएस और टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) ने उसकी जगह ले ली। भारत को निशाना बनाने वाले लश्कर और जैश जैसे आतंकी समूह भी मजबूत बने रहे। पिछले साल अमेरिका द्वारा वित्त पोषित अशरफ गनी की सरकार गिरने का मतलब था कि अफगानिस्तान में उथल-पुथल बरकरार रहे। वैसी स्थिति में भारत के सामने अपने राजनयिकों को वहां से बाहर निकाल लेने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था। वैसे में उन अफगानी नागरिकों से भी भारत का रिश्ता टूट गया, शांति काल में वह जिनकी मदद कर रहा था। अलबत्ता काबुल में स्थिति सहज होते ही भारत ने अपनी अफगानिस्तान नीति पर पुनर्विचार करने का फैसला लिया। जैसा कि विदेश मंत्रालय ने रेखांकित किया है, भारत एक बार फिर अफगान नागरिकों के साथ अपने ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंध बहाल करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि भारत द्वारा तालिबान शासन को मान्यता न देने का निर्णय यथावत है। दरअसल अमेरिकियों के अफगानिस्तान से बाहर निकलने के कुछ दिन बाद ही भारत ने तालिबान के साथ राजनयिक संपर्क का रास्ता खोला था, जब कतर स्थित भारतीय राजदूत दीपक मित्तल ने विगत 31 अगस्त को दोहा में तालिबान के राजनीतिक प्रमुख मोहम्मद अब्बास स्टानिकजई से मुलाकात की थी। विगत जनवरी में संपन्न हुए पहले भारत-मध्य एशिया सम्मेलन में अफगानिस्तान की रुकी हुई परियोजनाओं तथा तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-इंडिया (टीएपीआई) पाइपलाइन परियोजना पर काम शुरू करने का मुद्दा उठा।




तालिबान द्वारा काबुल पर कब्जा करने के बाद भारतीय राजनयिकों को अफगानिस्तान छोड़ना पड़ा, तो उसकी बड़ी वजह सुरक्षा का अभाव ही था। वहां स्थानीय स्तर पर सुरक्षा की स्थिति का आकलन करने के लिए विगत दो जून को एक भारतीय टीम ने अफगानिस्तान का दौरा किया।

अफगानिस्तान में पैदा हुए एकाधिक संकटों के कारण भी पड़ोस के इस देश में हमारी राजनयिक मौजूदगी की जरूरत पैदा हुई है। अगस्त, 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान को भीषण खाद्य संकट का सामना करना पड़ा। तब 30,000 टन गेहूं भेजकर भारत ने उसकी मदद की थी। अतिरिक्त 50,000 टन गेहूं भेजने के लिए भारत ने वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) के साथ एक समझौते पर दस्तखत किया था।

इसके अलावा भी भारत ने वहां 13 टन दवाएं, कोविड-19 वैक्सीन की पांच लाख खुराक और गर्म कपड़े भेजे थे। ईरान में रह रहे अफगान शरणार्थियों के टीकाकरण के लिए भारत ने वहां भी कोवाक्सिन की 10 लाख खुराक भेजी थी। भारत ने अफगानिस्तान को सही समय पर मानवीय मदद पहुंचाई, क्योंकि रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद कई देशों में खाद्यान्न का संकट पैदा हो गया है। अफगान नागरिकों को मदद पहुंचाने के लिए वहां की सुरक्षा की स्थिति का आकलन करना जरूरी है।

आनंद कुमार

## मिला जुला

### सुरक्षा बलों ने चीनी पिस्तौल, मैगजीन और गोलियां बरामद किया

# जम्मू-कश्मीर के डोडा से एक आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर. जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादी के पास से चीनी पिस्तौल, दो मैगजीन और कुछ गोलियां बरामद की गई हैं। उन्होंने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त तलाश दल ने डोडा शहर के बाहरी इलाके से आतंकवादी को पकड़ लिया। आतंकी से पूछताछ जारी है।

**वहीं,** पुलवामा जिले में इस महीने की शुरुआत में एक पुलिस अधिकारी की हत्या के मामले में उसके रिश्तेदार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सब-इंस्पेक्टर फारूक अहमद की 16 और 17 जून की दरमियानी रात को उनके घर के समीप गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनका शव धान के एक खेत में मिला था।





प्रवक्ता ने बताया कि सम्बूरा पम्पोर के रहने वाले आरोपी अर्सलान बशीर उर्फ फैजल, तौकीर मंजूर और ओवैस मुश्ताक अधिकारी के पड़ोसी हैं। उन्होंने बताया कि मंजूर पुलिस अधिकारी का रिश्तेदार भी है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने आतंकवादी माजिद नजीर वानी के कहने पर अहमद की कथित तौर पर हत्या की। वानी 21 जून को पुलवामा के तुज्जान इलाके में हुई मुठभेड़ में मारा गया था।

## राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के साझा प्रत्याशी यशवंत सिन्हा ने दाखिल किया नामांकन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के साझा प्रत्याशी यशवंत सिन्हा ने आज अपना नामांकन दाखिल कर दिया था. जिसके बाद विपक्ष के नेताओं ने मीडिया से बात की. मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि सारे विपक्ष यशवंत सिन्हा को सपोर्ट दे रहे है. ये विचारणीय की लड़ाई है. एक तरफ नफरत है और एक तरफ भाईचारा. वहीं सीपीएम के नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि आज जो हालात है यह संविधान की रक्षा का मामला है. जबकि टीएमसी करे नेता सौगात रे ने कहा कि यह रेनबो कलर का है सबका जो यशवंत सिन्हा को समर्थन कर रहे है. बता दें कि नामांकन के समय कई सारे विपक्ष नेता मौजूद थे.

#### विपक्ष ने दिखाई ताकत

कांग्रेस से राहुल गांधी, अशोक गहलोत और मल्लिकार्जुन खड़गे. एनसीपी से शरद पवार और प्रफुल्ल पटेल. टीएमसी से अभिषेक बनर्जी और सौगत रे. राजद से मीसा भारती. सीपीएम से सीताराम येचुरी. टीआरएस से नमा नागेश्वर राव. डीएमके से ए राजा और त्रिची शिवा. सीपीआई से डी राजा. सपा से अखिलेश यादव. नेशनल कॉन्फ्रेंस से फारूक अब्दुल्ला. आरएलडी से जयंत चौधरी. आई यु एम एल से ई टी मोहम्मद बशीर और आरएसपी से प्रेमचंद्रन सब एक साथ मौजूद हैं. इन सब नेताओं की पार्टी का समर्थन यशवंत सिन्हा के साथ है. इससे पहले रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने कहा था कि राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी दलों को अपने साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे।

### राट्रपति चुनने में अनिर्णय...

## यशवंत या द्रौपदी मुर्मू... दोराहे पर हेमंत सोरेन



**रांची।** यशवंत सिन्हा या फिर द्रौपदी मुर्मू... राष्ट्रपति चुनाव लड़ने जा रहे इन दोनों कद्दावर उम्मीदवारों का झारखंड से सीधा नाता है। संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा प्रदेश के हजारीबाग जिले से आते हैं। वहीं द्रौपदी मुर्मू आदिवासियों का प्रतिनिधित्व करते हुए छह साल तक झारखंड का राज्यपाल रह चुकी हैं। यही कारण है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुआई वाली झामुमो केंद्रीय स्तर पर विपक्ष में होने के बावजूद अबतक अनिर्णय की स्थिति में है। ममता बनर्जी के साथ जाने या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंद को आजमाने के मामले में अबतक कुछ भी तय नहीं हो पाया है। यूं कहें कि हेमंत सोरेन, आदिवासी राजनीति पर मोदी के मास्टर स्ट्रोक से बुरी तरह फंस गए हैं। हालांकि, आज झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से ये कहा गया है कि कोई भी फैसला लेने से पहले दिल?ली जाकर हेमंत सोरेन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलेंगे। लेकिन क?यों मिलेंगे, यह खुलासा नहीं किया गया है। इधर, झारखंड की सियासत में रोज-रोज सनसनीखेज ट्वीट के जरिये नीचे से ऊपर तक खलबली मचाने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाकर आजादी के 75 साल बाद आदिवासी समाज को बड़ा सम्मान दिया है।

### पंजाब के संगरूर से लोकसभा उपचुनाव

## जीतने वाले नेता ने आतंकवादी को दिया जीत का श्रेय

**चंडीगढ़.** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के गृह क्षेत्र संगरूर से उपचुनाव जीतने वाले शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के उम्मीदवार सिमरनजीत सिंह मान ने इसका श्रेय चरमपंथी नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले को दिया है और कहा कि, 'वह कश्मीर में भारतीय सेना के अत्याचारों के मुद्दों को संसद में उठाएंगे.'

आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को हराने वाले सिमरनजीत मान ने कहा कि वह बिहार और छत्तीसगढ़ में आदिवासी लोगों की नक्सली बताकर हत्या किए जाने को भी उठाएंगे.

कांग्रेस ने उनके चुनाव जीतने पर चिंता व्यक्त की है. पार्टी प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने ट्वीट किया, 'आज संगरूर में लोकतंत्र हार गया' सुरजेवाला ने ट्वीट किया, 'पंजाब को हिंसा और आतंकवाद की अंधी गली में पीछे नहीं धकेला जा सकता. कांग्रेस प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने ट्वीट किया, संगरूर उपचुनाव के नतीजे पंजाब के सभी हितधारकों के लिए खतरे की घंटी की तरह काम करेंगे. कांग्रेस के रवनीत सिंह बिट्टू ने ट्वीट किया, 'लोगों द्वारा दिया गया जनादेश हमेशा सर्वोच्च होता है और इस बार यह सिमरनजीत सिंह मान के पक्ष में गया है.



## मायावती का फॉर्मूला रहा हिट, आजमगढ़ में हार कर भी कैसे जीत गई बसपा? अखिलेश के लिए आगे की राह कठिन

**नई दिल्ली।** उत्तरप्रदेश के लोकसभा उपचुनाव में बीजेपी के आगे न आजम खान का गढ़ रामपुर बचा और न ही आजमगढ़ में सपा अपना वर्चस्व बचा पाई. दोनों ही लोकसभा सीटें बीजेपी जीतने में कामयाब रही. रामपुर में घनश्याम सिंह लोधी और आजमगढ़ में दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने जीत दर्ज की है. वहीं, आजमगढ़ में बसपा प्रत्याशी शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली भले ही तीसरे नंबर पर रहे, लेकिन बसपा प्रमुख मायावती का दलित-मुस्लिम फॉर्मूला यहां कारगर दिखाई दिया. मायावती ने इस सियासी प्रयोग को लेकर आगे भी चलने के संकेत दे दिए हैं, जो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिए भविष्य की राहें कठिन कर सकता है? रामपुर लोकसभा सीट पर मायावती ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था जबकि आजमगढ़ सीट पर बसपा ने गुड्डू जमाली को कैंडिडेट बनाया था. आजमगढ़ में बीजेपी प्रत्याशी दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को 3,12,768 वोट मिले हैं।




**आजमगढ़ लोकसभा की सभी विधानसभा सीटों पर है सपा**

आजमगढ़ जिले में तो दस विधानसभा सीटें आती हैं, लेकिन लोकसभा क्षेत्र में 5 सीटें आती हैं. गोपालपुर, सगड़ी, मुबारकपुर, आजमगढ़ सदर और मेहनगर विधानसभा इस लोकसभा क्षेत्र में आती हैं. इन सभी सीटों पर सपा के विधायक हैं. 2022 चुनाव में इन पांचों सीटों पर सपा को 4.35 लाख तो भाजपा को 3.30 लाख और बसपा को 2.24 लाख मत मिले थे।

## पुतिन बोले- बेलारूस को देंगे 'इस्कंदर'



**मॉस्को.** रूस और यूक्रेन की लड़ाई को 122 दिन हो चुके हैं और जंग रुकने की उम्मीद दूर-दूर तक नहीं दिख रही है. इस बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ये कहकर चौंका दिया है कि वह अपने पड़ोसी देश बेलारूस को परमाणु हमला करने में सक्षम इस्कंदर मिसाइल सिस्टम उपलब्ध कराएंगे. पुतिन पश्चिमी देशों को यूक्रेन की मदद करने से रोकने के इरादे से पहले भी कई बार परमाणु मिसाइलों के इस्तेमाल की संकेतों में धमकी दे चुके हैं।

# खाद की कमी को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने सांकेतिक तौर पर सोसाइटी केंद्रों में जड़ा ताला






जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

भाजपा किसान मोर्चा द्वारा सीतापुर तहसीलदार शशिकांत दुबे को 24 जून को क्षेत्र में खाद की कमी को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। तथा उन से अनुरोध किया गया था कि मानसून सत्र चालू हो गया है और खेती किसानी में किसान लग चुके हैं उनको खाद की उपलब्धता जल्दी से सुनिश्चित करें, साथ ही भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा जानकारी दिया गया था कि यदि 27 जून तक सभी सोसाइटी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होती है, तो उनके द्वारा सांकेतिक तौर पर सीतापुर के सभी सोसाइटी केंद्रों में ताला जड़ा जाएगा। इसी क्रम में आज सरगुजा के सीतापुर के सभी सोसाइटी केंद्रों में भाजपा किसान मोर्चा के सदस्यों द्वारा, एकत्र होकर छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराने पर,नारा लगाते हुए सांकेतिक तौर पर सीतापुर के भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रवण दास के नेतृत्व में आमाटोली सोसाइटी ताला बंद किया गया। वहीं ग्राम गेरसा के सोसाइटी केंद्र में सीतापुर के भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में तालाबंदी किया गया। जब इस विषय पर हमारे द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष से बात किया गया तो उन्होंने बताया, छत्तीसगढ़ शासन किसानों के हित का ध्यान नहीं रख रही है खेती किसानी का समय चल रहा है परंतु उनके द्वारा सोसाइटी केंद्रों में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। तथा गुणवत्ता हीन व अमानक जैविक खाद को किसानों को थोपा जा रहा है। जिससे किसान काफी ज्यादा परेशान है, खाद की कमी से किसान मार्केट से खाद खरीदने के लिए मजबूर हैं। जहां खाद की कीमत काफ ी ऊंची है जिससे किसानों को दोहरी मार पड़ रही है, इसलिए हम छत्तीसगढ़ शासन से को बताना चाह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ के किसानों के हित को रखते हुए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराएं।

## एक नजर

# अभ्यास ही सबसे बड़ा गुरु हैं-मणीशंकर दिवाकर

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

एक सत्य बात साथियों किसी महापुरुष ने सत्य बात कहां है। जिसे सैकड़ों हजारों जगह व्यक्त किया है कि.अभ्यास ही सबसे बड़ा गुरु है। कहीं ना कहीं कभी ना कभी आप ने भी हम ने भी अपने दैनिक जीवन में सुना पढ़ा है। या कोई समाचार पत्रों में पढ़ा ही होगा इस अनमोल शब्द का बहुत ही सटीक और वास्तविक सत्य है यदि कोई व्यक्ति अपने मन में ललक और तन-मन धन से समर्पण भाव से किसी कार्य के प्रति मन लगा दे और केवल अपने कार्य के प्रति तन्मयता के साथ कार्य करें बिल्कुल ही उसको शत प्रतिशत सफलता मिलेगी और समाज के जिस क्षेत्र में भी रहे मगर कोई इंसान ठान ले



प्रण करले और उस काम में लग जाये हालांकि उनको उस क्षेत्र विषय में कोई विशेष ज्ञान जानकारी हो या ना हो अभ्यास करता रहे वह अवश्य मंजिल मुकाम प्राप्त कर ही लेता है। कोई भी व्यक्ति स्त्री हो या पुरुष किसी क्षेत्र में पारंगत यूं ही नहीं होता है वह भी सतत् एवं नियमित रूप से अभ्यास करते रहता है या किसी नेतृत्व करता कहां जाए तो गुरु जो मार्गदर्शक वो हमें प्रेरित करते हैं और कार्य के लिए दिशा निर्देश करते हैं। सौ बात की एक बात साथियों कोई भी अपने पेट से या जन्म से कोई कला ज्ञान सिख कर नहीं आता है। या तो वह अपने गुरु के माध्यम से ज्ञान अर्जन करता है या स्वयं कोई कला क्षेत्र में अभ्यास करता करता जिसे आप और हम कहते हैं कि अभ्यास ही सबसे बड़ा गुरु है जिसे और आप और मानते और स्वीकार करते हैं।

# पीडब्ल्यूडी अधिकारी ठेकेदार की गंभीर अनियमितता

## वर्षा काल में भी निर्माण कार्य, शासकीय नियमों की खुली अवहेलना

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

बसना लोक निर्माण विभाग द्वारा बसना से गढ़पटनी पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य विगत 3 माह से करवाया जा रहा है जिसमें डामरीकरण का कार्य बारिश के उपरांत भी जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग के नियमों की मानें तो 15 जून के बाद सड़कों पर पूर्ण रुप से डामरीकरण को बंद करना होता है। परंतु बाबजूद इसके इसके आज पर्यंत डामरीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग की सड़कों पर होते आसानी से देखा जा रहा है। नियमत देखा जाए तो 15 जून के बाद सभी सड़कों में डामरीकरण का कार्य पूर्ण रुप से बंद हो जाना चाहिए जिसके बाद डामर करने पर उक्त डामर के ना चिपकने व सड़क से जल्द ही खराब होने के आसार होते जिसके चलते नियमावली के अनुसार 15 जून के बाद डामरीकरण का कार्य पूर्ण रुप से बंद हो जाता है। एक और शासकीय नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए वहीं दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग के किसी भी आला अधिकारी या कर्मचारी की बगैर मौजूदगी के उक्त डामरीकरण का कार्य में विनोद कुमार जैन के द्वारा करवाया जा रहा है जिस पर लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर जोशी से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि वह तो रायपुर में हैं एवं जब डामरीकरण के संबंध में उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि 100-200 मीटर लगभग डामरीकरण का कार्य बचा हुआ था जिसे आज पूर्ण करवाया जा रहा है वही लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता चंद्राकर से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि 15 जून के बाद डामरीकरण का कार्य नहीं होना चाहिए जिसे अभी तत्काल प्रभाव से उनके द्वारा बंद करवाया जा रहा है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा इसी तरह अन्य सड़कों पर भी देखा जाए तो विभागीय लचरता के चलते डामरीकरण एवं अन्य कार्य और समय करवाने की बातें सामने आती रहती है जिस पर अधिकारियों के द्वारा संज्ञान न लिए जाने की स्थिति में निर्माण एजेंसियों द्वारा मनमाने ढंग से मुरूम करण मुरूम के उत्खनन एवं डामरीकरण आदि में लापरवाही पूर्वक कार्य करते हुए सड़कों का निर्माण जल्द पूर्ण करने के मकसद से उक्त कार्य को लापरवाही पूर्वक पूर्ण कर दिया जाता है जिससे सड़कें चंद माह में ही उखड़ने टूटने लगती है जिस पर ना तो लोक निर्माण विभाग गंभीर होता है और ना ही निर्माण एजेंसी। जिसका खामियाजा उस क्षेत्र में रह रहे लोग एवं आवागमन हेतु उपयोग कर रहे लोगों को भुगतना होता है बता दें कि शासन द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से सड़कों का निर्माण जन सुविधा के नजरिए से करवाया जाता है जिससे आम लोगों को आवागमन में समस्या ना हो परंतु निर्माण एजेंसी की लापरवाही एवं विभाग की लचरता के चलते सड़कों की सही बनावट ना होने के कारण सड़कें जल्द ही उखड़ने टूटने लगती है जिसके चलते शासन की राशि का दुरुपयोग तो होता ही है साथी साथ ही क्षेत्र में रह रहे लोगों को समस्याओं के साथ इसकी भरपाई करनी पड़ती है जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी आखिर किसकी होती है।

# एसपी ने जिले के प्रधान आरक्षक विष्णु प्रसाद सप्रे एवं रघुवीर सिंह को स्टार व कैप लगाकर सहायक उप निरीक्षक के पद पर किया पदोन्नत

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग बीएन मीणा भापुसे के आदेशानुसार 27 जून 2022 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अति.पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन द्वारा बेमेतरा जिले में कार्यरत प्रधान आरक्षक विष्णु प्रसाद सप्रे एवं रघुवीर सिंह ध्रुव को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक की योग्यता सूची वर्ष 2021 में लाये गये थेए जिन्हे प्रधान आरक्षक की पीपी कोर्स उत्तीर्ण करने के पश्चात सहायक उप निरीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पदोन्नति प्राप्त प्रधान आरक्षक को स्टार व कैप लगाकर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह द्वारा पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक विष्णु प्रसाद सप्रे एवं रघुवीर सिंह को शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पदोन्नति के साथ-साथ पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक के उत्तरदायित्व में बढोत्तरी हुई है। इसी उत्तरदायित्व के अनुरूप अपने दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए समाज में कानून तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, अति.पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन द्वारा भी पदोन्नति प्राप्त सहायक उप निरीक्षक को शुभकामनायें देते हुए बेमेतरा जिले की पुलिसिंग एवं आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने हेतु बताया गया। इस दौरान निरीक्षक सीआर ठाकुर, स्टेनो अजय देवांगन, सउनि अ, दीपक गाजर्लेवार, महेन्द्र भुआर्य, संतोष सोनवानी, सउनि एसपी रीडर विनोद शर्मा, प्रधान आरक्षक घनश्याम साहू, मोहित चेलक, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधि.कर्म. उपस्थित रहे।

# पिथौरा क्षेत्र में लुटेरों की धमा चौकड़ी, एक और हुआ लूट का शिकार

## जान-माल की सुरक्षा अब भगवान भरोसे

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



पिथौरा थाना अंतर्गत रात फिर से अज्ञात आरोपियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर एक दुपहिया में जा रहे दुकानदार को अपना शिकार बना कर उससे 4 हजार रूपये नगद और मोबाइल लूट ले गए। इस घटना के पूर्व से असुरक्षा के साये में जी रहे क्षेत्रवासी स्वयं को असहाय समझने लगे है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में पिथौरा के काठी ढाबा के पास रात कोई 11 बजे कृषि सेवा केंद्र संचालक कुलेशवर सिन्हा प्रेम कृषि केन्द्र बया रोड लहरौद से लूटपाट व मारपीट की घटना घटित होने की खबर है। घटना की पुष्टि स्थानीय पुलिस द्वारा कर दी गयी है । घटना के संबंध में प्रार्थी कुलेश्वर सिन्हा ने बताया कि वह रात कोई 11 साढ़े 11 बजे मीटिंग से अपने मोटरसाइकिल द्वारा अपने घर जा रहा था। इस बीच हाइवे पर काठी ढाबा के समीप एक पुलिया के पास तीन युवक मोटरसाइकिल से पीछा करते हुए उसका रास्ता रोककर उसे लाठी डन्डे से मारपीट कर करीब 4 हजार रूपये नगद व 25 हजार मूल्य का कीमती मोबाइल लुट कर ले गये। घटना की सूचना कुलेश्वर द्वारा पुलिस को दे दी गयी है। पुलिस जांच पड़ताल मे जुटी है। उक्त सम्बन्ध में विनोद मिज अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पिथौरा द्वारा लूट की घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस की टीम लगातार जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किये जायेंगे।

# अग्नीपथ योजना पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अपने विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में किया विरोध प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।




सीतापुर विधायक निवास के पास क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवं सांस्कृतिक मंत्री अमरजीत भगत ने अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के साथ मिलकरए केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का पुराजोर विरोध किया। इस विरोध कार्यक्रम में जनता को एवं लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की केंद्र सरकार हमेशा जनता को छलने का काम करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को हर वर्ष दो करोड़ नौकरी उपलब्ध कराने का वादा किया था, परंतु वह पूरा नहीं किया गया। और आज अग्नीपथ योजना के तहत युवाओं को भ्रमित किया जा रहा है, 4 साल की नौकरी में नाहीं उस को पेंशन मिलेगा, नहीं उसकी नौकरी रहेगी। वह भूतपूर्व सैनिक कहलाएगा। यह सब देश के युवाओं के साथ केंद्र सरकार का छलावा है उसे इस तरह की योजना को बंद कर देना चाहिए।


# सार्वभौम पीडीएस योजना से जिले में 1 लाख 77 हजार परिवार हो रहे लाभांवित

## उजियारपुर की मंगलीबाई का गुम हुआ राशनकार्ड, आवेदन पर तुरंत प्राप्त हुआ अंत्योदय राशन कार्ड

जोहार छत्तीगगढ़-कोरिया।

स्टोरी महात्मा गांधीजी की 150 वीं जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर 2019 से छत्तीसगढ़ में सार्वभौम पीडीएस का क्रियान्वयन किया जा रहा है। राज्य शासन के इस कदम का उद्देश्य हर व्यक्ति को राशनकार्ड और राशन उपलब्ध कराना है। शासन की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए विभिन्न अभियानों और शिविरों के माध्यम से आसानी से लोगों तक सुविधाएं पहुंच रहीं हैं। विगत तीन वर्षों में जिले के 16 हजार से ज्यादा परिवारों के नवीन राशन कार्ड बनाए गए हैं जिनमें 13 हजार 525 के बीपीएल एवं 2 हजार 405 के एपीएल कार्ड बनाए गए हैं। इसके साथ ही प्रचलित राशनकार्डों में 16 हजार से ज्यादा नए सदस्यों के नाम भी जोड़े गए हैं जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों को उचित मूल्य में खाद्य सामग्री उपलब्ध हो रही है।





**शनकार्ड नहीं, ये जीवन का सहारा**

### विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के लिए भी लगाए गए खास शिविर, 129 परिवारों को मिला लाभ

जनजाति बाहुल्य कोरिया जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियां निवास कर रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा आदिवासी जन की मदद के लिए विशेष शिविर समय-समय पर आयोजित किये जाते हैं। बीते मई माह में हा जिला प्रशासन द्वारा आधार, राशनकार्ड, पेंशन और हेल्थ कार्ड जैसी अन्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विशेष कैम्प आयोजित किए गए थे। इन शिविरों में भी जिले के विकासखण्ड भरतपुर, खड़गवां एवं मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के 129 परिवारों को नवीन राशन कार्ड जारी किए गए। ग्राम पंचायत जरौंधा के 20 जनजातीय परिवारों को मिले राशन कार्ड. प्रशासन की पहल पर विकासखण्ड खड़गवां के ग्राम पंचायत जरौंधा के 20 विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा एवं पण्डो जनजाति परिवारों को मई महीने में नवीन राशन कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं।

### राशनकार्ड नहीं, ये जीवन का सहारा, प्रशासन की मदद से मिला राशनकार्ड

विकासखण्ड खड़गवां के उजियारपुर की मंगली बाई जनपद कार्यालय में राशनकार्ड गुम होने की फरियाद लेकर पहुंची, उन्हें 15 मिनट के भीतर ही नवीनीकृत अंत्योदय राशन कार्ड का पीडीएफ प्राप्त हुआ। इस पर वे बहुत खुश हुई। जनजातीय परिवार से आने वाली मंगली बाई कहती हैं कि राशनकार्ड नहीं, ये जीवन का सहारा है। राशनकार्ड गुम हुआ तो बेहद परेशान हो गई थीए लेकिन प्रशासन की मदद से तुरंत ही नया राशनकार्ड मिल गया। विशेष पिछड़ी जनजाति शिविर में आवेदन किया, शिविर में ही मिल गया राशनकार्ड।

# अग्निपथ के विरोध में उतरे कांग्रेसी, पूरे प्रदेश में चला रहे सत्याग्रह

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।






अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस पूरे प्रदेश में सत्याग्रह आंदोलन चला रही है। कोटा विधान सभा क्षेत्र के रतनपुर में इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी,जिला पचांयता अध्यक्ष अरुण चौहान,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सूर्या,आशीष शर्मा,नीरज जयसवाल,विरोध प्रदर्शन मे क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। रतनपुर में विरोध प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे विजय केशरवानी ने अग्निपथ योजना को देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। उन्होंने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या इस तरह की योजना सफ ल हो पाएगी। सेना में इस प्रकार के प्रयोग देश की सुरक्षा के लिए घातक सिद्ध होगा। इसके कारण देश के युवा आंदोलन कर रहे हैं। इस दौरान अरुण चौहान ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने देश के युवाओं से 2014 में कहा था कि 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। 8 सालों में करोड़ लोगों को रोजगार देना था। अब सरकार युवाओं के साथ छल करते हुए अग्निपथ योजना के तहत सेना में महज 4 वर्ष के लिए नौकरी देने की बात कह रही है। 4 साल बाद ये युवा फिर बेरोजगार होंगे तो वे क्या करेंगे। हमारा विरोध सरकार इन नीतियों के खिलाफ है। इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे जिसमें सुभाष अग्रवाल,यासीन खान,आशीष शर्मा,नीरज जायसवाल,हारून बेग,मिर्जा रफ ीक बेग,जितेन दुबे इलियास कुरेशी,बालकृष्ण मिश्रा,रवि रावत, राजा रावत,नीलिमा सिंह आदि उपस्थित थे।

# अग्निपथ के विरोध में कांग्रेस का सत्याग्रह विधानसभावार आंदोलन चिरमिरी में गरजे विधायक विनय

## स्थानीय युवा अग्निवीरो ने योजना का खुलकर किया विरोध, विधायक मनेंद्रगढ़ मंच पर बैठ किया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़- कोरिया।

**रक्षा सेनाओं में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस सड़क पर है। आज सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह किया।**





कोरिया जिले के मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक डॉ. विनय जायसवाल की अगुवाई में नगर निगम चिरमिरी के डोमनहिल क्षेत्र में स्थापित जय स्तंभ चौक के सामने प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की रीती निति के विरोध में जम कर बरसे और ईश्वर से उन्हें सद्बुद्धि की प्रार्थना करते हुए विपक्ष में रहने की कामना की। कांग्रेस ने प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह की घोषणा पिछले सप्ताह की थी। तीन दिन पहले सभी ने जगह तय कर लिया। एक दिन पहले से ही इसकी तैयारियां शुरू हो गई। सोमवार सुबह 10 बजे से ही सत्याग्रह के मंच पर कार्यकर्ताओं का जुटना शुरू हो गया। जो मनेंद्रगढ़ विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने मनेंद्रगढ़ विधायक की अगुवाई और आह्वान पर चिरमिरी के डोमनहिल स्तंभ चौक पर प्रदर्शन किया। विधायक मनेंद्रगढ़ डॉ. विनय जायसवाल ने विरोध प्रदर्शन करते हुए उपस्थित जन मानस को कहा की, यह योजना देश के साथ धोखा है। इससे सेना भी कमजोर होगी और सैनिक बनने के लिए कई सालों से मेहनत कर रहे युवा भी चार ऽ साल की सर्विस से निराश होंगे। इससे उनका मनोबल भी टूटेगा। विधायक डॉ. विनय ने कहा की अग्निपथ योजना को लेकर भारत देश के सभी युवाओं में आक्रोश का माहौल निर्मित हुआ हैए जिसकी जिम्मेदार भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार है। यह अग्निपथ योजना भी तीन कृषि कानूनों की तरह ही है और इसे भी केन्द्र सरकार को वापस लेना होगा। इस दौरान केंद्र पर निशाना साधते हुए विधायक जायसवाल ने कहा कि सरकार ने पहले 18 से 21 फिर 21 से 24 साल तक के युवाओं को सेना की चार साल तक की ट्रेनिंग देने की योजना लाई है। ये वही समय होता है। जब युवा कॉलेज की पढ़ाई में व्यस्त होते हैं। ऐसे में चार साल की आधी-अधूरी नौकरी के कारण उनका जीवन बर्बाद हो जाएगा।

बहरहाल इस विरोध प्रदर्शन में और भी वक्ताओं ने अपने कथन अनुसार केंद्र सरकार की योजना का विरोध किया और यह आंदोलन को मात्र शुरवात करने की बात कही जो निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष मनेंद्रगढ़ प्रभा पटेल, उपध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, नगर निगम सभा पति गायत्री बिरहा, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश पाण्डेय,उपध्यक्ष सत्तार अली, ब्लाक अध्यक्ष चिरमिरी सुभाष कश्यप, ब्लाक अध्यक्ष मनेंद्रगढ़ राजेश शमा, ब्लाक अध्यक्ष खड़गवां मनोज साहू, सांसद प्रतिनिधि अशोक श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद बलदेव दास, कांग्रेस पार्टी के सभी निर्वाचित पार्षद, मनोनीत पार्षद, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयुआई के पदाधिकारी एवं सदस्य सेवा दल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य,किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारियों के साथ भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## एक नजर

### ग्राम खोपली बागबाहरा में हुआ महिला का कत्ल,मृतिका का फरार आरोपी पति गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।



प्रार्थी संतोष मेहर पिता बोधीराम मेहर उम्र 22 साल साकिन ग्राम खोपली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 26 जून 2022 के शाम 6 बजे प्रार्थी संतोष मेहर के बड़े भाई खिलावन मेहर और उनकी भाभी कौशिल्या मेहर के बीच उनके बच्चे राहुल के हाथ में आई मोच की बात को लेकर आरोपी खिलावन मेहर द्वारा अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार करके हत्या कर देने की रिपोर्ट पर थाना बागबाहरा में अपराध क्रमांक 127/2022 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी की पता तलाश के दौरान सुबह-सुबह ग्राम खोपली आरटीओ बेरियर के पास आरोपी छिपा था। जिसे हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर गुस्से से आवेश में आकर अपनी पत्नी कौशिल्या मेहर का हत्या करना बताया तथा घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी एवं खून लगे कपड़े को घर के शौचालय के पीछे छुपा कर रखना बताया। जिसे बरामद कर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी खिलावन मेहर द्वारा जुर्म स्वीकार एवं अपराध सबूत पाये जाने पर विधिवत गिरफ्तार किया गया है। मामला अजमानतीय होने से आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भूरकर तथा अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी उनि स्वराज त्रिपाठी, सउनि जनकलाल पटेल, प्रधान आरक्षक विक्रांत पाण्डेय, आरक्षक ठाकुर राम पटेल मेहत्तर साहू,मुकेश चौधरी,नुतेन्द्र साहू,शंकर ठाकुर,जितेन्द्र ठाकुर,शैलेन्द्र सिरमोर का विशेष योगदान रहा।

# अविश्वास प्रस्ताव से पदच्युत हुये चिखली के सरपंच

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत चिखली के सरपंच मोहनदास के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया है। ग्राम पंचायत चिखली के सभी निर्वाचित पंचों के द्वारा सरपंच मोहन दास के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव के आवेदन पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विहित प्राधिकारी पिथौरा राकेश कुमार गोलछा के द्वारा शुक्रवार 24 जून को ग्राम पंचायत चिखली का सम्मिलन निर्धारित किया गया था। इस हेतु पीठासीन अधिकारी तहसीलदार पिथौरा लीलाधर कंवर के द्वारा ग्राम पंचायत भवन मे निर्धारित तिथि पर मतदान कराया गया। उपस्थित सभी 13 पंचो के द्वारा सरपंच को हटाने के लिये अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया गया। पीठासीन के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पारित होने की घोषणा एवं प्रतिवेदन के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विहित प्राधिकारी पिथौरा राकेश कुमार गोलछा के द्वारा ग्राम पंचायत चिखली के सरपंच मोहनदास को सरपंच पद से मुक्त कर दिया है एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी पिथौरा को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

# सामान्य वर्ग आरक्षण में अन्य वर्ग की दखलंदाजी हो बंद: सिन्हा

**कोरबा ।** सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिन्हा ने बयान जारी कर कहा कि सरकार द्वारा सभी वर्गों को आरक्षण की पात्रता दी गई है, लेकिन दुर्भाग्य है कि सामान्य वर्ग के आरक्षण में अन्य वर्ग भी शामिल होकर उनके अधिकारों का हनन कर रहे हैं। इसलिए संविधान संशोधन आवश्यक हो गया है।

सिन्हा ने कहा कि शासकीय, गैर शासकीय संस्थानों तथा विधानसभा एवं लोकसभा में भी निर्धारित आरक्षण पद्धति पूरे देश में लागू है लेकिन सामान्य वर्ग के आरक्षण में आरक्षित वर्ग के भी अभ्यार्थी शामिल होकर सामान्य वर्ग को अधिकारों से वंचित कर रहे हैं जो न्याय उचित नहीं है। शासन द्वारा अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग को सभी संस्थानों में आरक्षण का प्राविधान है तो फिर सामान्य वर्ग के आरक्षण में घुसपैठ कर सामान्य वर्ग के अधिकारों से वंचित करना सामान्य वर्ग के मौलिक अधिकारों का हनन है। प्रदेश व केंद्र सरकार को गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए निर्णय लेने की जरूरत है। विधानसभा व लोकसभा चुनाव में भी आरक्षित सीट में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति वर्ग को आरक्षण का प्रावधान है लेकिन सामान्य वर्ग के सीट से अनुसूचित जाति व जनजाति द्वारा उम्मीदवार घोषित होना अनुचित है। आरक्षित वर्ग को दोहरा लाभ दिया जा रहा है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल नवागढ़ के शाला प्रवेश उत्सव में कलेक्टर हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के विकासखण्ड मुख्यालय नवागढ़ के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेमी माध्यम स्कूल में सोमवार को शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने माता सरस्वती की प्रतिमा का पूजा.अर्चना कर किया। इस दौरान उन्होने छात्र.छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने एवं अपने परिवार एवं अपने देश का नाम रोशन करने की अपील की। जिला बेमेतरा अंतर्गत 27 जून से 10 जुलाई 2022 तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान के मार्गदर्शन में सास बहू एवं नव.दंपत्ति सम्मेलन का आयोजन जिला चिकित्सालय बेमेतरा में किया गया। परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदी एवं अस्थाई साधन कॉपर.टी, अंतरा इंजेक्शन, कंडोम, छाया गोली के लिए पात्र लोगों को प्रोत्साहित करने जिले में पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस क्रम में जिले में समुदाय के बीच सास बहू सम्मेलन कराये जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा परिवार नियोजन के साधनों के प्रसार हेतु सारथी रथ का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन के दौरान समस्त लक्ष्य दंपत्ति को परिवार नियोजन साधनों के बारे में जागरूक किया गया एवं गेम, क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से प्रोत्साहित कर पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. वंदना भेले, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे, जिला सलाहकार शोभिका गजपाल, डॉ. प्रतीक प्रधान, यामिनी जोशी, देवेन्द्र नामदेव, आरती दत्ता, रेखा कविलाश एवं दीप्ति उपस्थित थे।



# घर वालों ने शराब छोड़ने को कहा तो युवक ने कर ली आत्महत्या

**कोरबा ।** जिले से आत्महत्या का एक विचित्र मामला सामने आया है। युवक को शराब की ऐसी लत की परिजनों ने शराब पीने से रोका तो कर ली आत्महत्या। मामला कोरबी चौकी क्षेत्र के तेंदूपारा दम्महामुड़ा गांव का है जहाँ 22 वर्षीय रवि कुमार ने बिजली के टावर पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया की युवक को शराब पिने की बुरी लत थी और वे लम्बे समय से उसपर शराब छोड़ने के लिए दबाव दाल रहे थे। लेकिन युवक ने शराब छोड़ने के बजाय आत्महत्या करने का गलत रास्ता अपना लिया। जानकारी के अनुसार मृतक युवक अक्सर शराब पीकर गांव में घूमता रहता और हुड़दंग करता था। जिस वजह से उसके परिजन भी उससे परेशान थे और उसे शराब छोड़ देने को कहते थे। रोज़ाना की तरह ही युवक शुक्रवार को भी जंगल की ओर लकड़ी लेने गया था, जहां से जब वह वापस लौटा तो वह नशे में धुत था। इस बात को लेकर उसकी परिजनों से बहस भी हुई। इस बात से वह नाराज हो गया और बहस कर के वहां से चला गया। युवक उस रोज़ रातभर घर नहीं आया। शनिवार सुबह तक जब वह घर नहीं लौटा तब परिजन उसे खोजते हुए दम्महामुड़ा जंगल की तरफ गये और वहां उन्होंने देखा की युवक बिजली की हाईटेंशन लाइन के टावर पर फांसी के फंदे से लटका हुआ है। परिजनों ने घटना की सूचना कोरबा चौकी को दी, जिसके बाद चौकी प्रभारी बसंत कुमार साहू स्टाफसहित मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतरा गया। मृतत के शरीर पर किसी भी तरह के चोट का निशान नहीं होने से पुलिस आत्महत्या का अंदेशा लगा रही है।

# जिले के समस्त पहुँचविहीन ग्रामों में जारी है स्वास्थ्य शिविर

**कवर्धा ।** मंत्री मोहम्मद अकबर के मंशानुरूप व जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देश पर मौसमी बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए बरसात आने के पहले से ही जनजागरूकता कार्यक्रम चलाकर डोर टू डोर सर्वे कराया गया। इसके पश्चात चिन्हांकित पहुच विहीन ग्रामों में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। इस सम्बंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुजॉय मुखर्जी ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को जनता तक सरलता से पहुचाने के उद्देश्यों से लगातार प्रयास जारी है। इसी कड़ी में जिले के लोहारा विकासखण्ड के 5, पंडरिया के 14 और बोड़ला के 21 चिन्हांकित पहुँचविहीन ग्रामों में स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

# एक सरपंच एवं तीन पंच के होगा आज मतदान

### 1573 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022 अंतर्गत नाम वापसी उपरांत जिले में 01 सरपंच तथा 03 पंच पद के लिए 28 जून 2022 को मतदान कराया जाएगा। मतदान सामग्री का वितरण कर मतदान दलों की रवानगी संबंधित जनपद पंचायत मुख्यालय से कर दिया गया है।

इस उप निर्वाचन में 1573 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बाघूल में सरपंच पद के लिए 02 अभ्यर्थी है। यहा मतदाताओं की संख्या 1110 है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत संबलपुर के वार्ड क्रमांक 11 में पंच पद के लिए 03 अभ्यर्थी एवं 150 मतदाता है तथा ग्राम पंचायत कामता के वार्ड क्रमांक 12 में 02 अभ्यर्थी एवं 103 मतदाता है। जनपद पंचायत बेमेतरा के ग्राम पंचायत कुसमी के वार्ड क्रमांक 04 में पंच पद के लिए मतदान कराया जाएगा जहां 02 अभ्यर्थी एवं 210 मतदाता है। मतदान 28 जून 2022 को प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक होगा। मतदान के लिए मतदाता को 16 प्रकार के पहचान पत्रों मतदाता पहंचान पत्र, राशन कार्ड, पेन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस इत्यादिद्ध में से किसी एक पहचान पत्र को मतदान केन्द्र में दिखाना होगा। मतदान समाप्ति उपरांत मतदान केन्द्र में ही मतगणना का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर संदीपान द्वारा निर्वाचक कार्य के व्यवस्थित एवं निर्विघन संपादन हेतु 02 सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है तथा पुलिस विभाग द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से मतदान दिवस को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

# श्री धन्वन्तरि जेनरिक मेडिकल स्टोर योजना जिले में संचालित

## 7 मेडिकल स्टोर से 10,643 लोगों ने 1.32 करोड़ की दवाइयां ली, 56.71 में, 75.83 लाख की बचत

जोहार छत्तीसगढ़- कोरिया।

**शासन की महत्वाकांक्षी योजना धनवन्तरि जेनरिक मेडिकल स्टोर से लोगों को दवाईयों के खर्च पर होने वाले बोझ से बड़ी राहत मिली है।**






### रियायती दर पर दवाइयां मिलने पर लोगों ने कहा बजट में फिट बैठने वाली है योजना

जिले में संचालित सात मेडिकल स्टोर के माध्यम से लोगों को उच्च गुणवत्तायुक्त जेनरिक दवाइयां सस्ते दाम पर उपलब्ध हो रहीं हैं, यहां 251 प्रकार की दवाइयां, 27 प्रकार के सर्जिकल उत्पाद के साथ हीं छत्तीसगढ़ हर्बल उत्पाद भी सस्ते कीमत पर मिल रहे हैं।

### 10.643 लोगों ने 75.83 लाख की बचत पर खरीदी 56.71 लाख की दवाइयां

श्री धनवन्तरि जेनरिक मेडिकल स्टोर योजना से अब तक 10 हजार 643 लोगों को 75 लाख 83 हजार रुपए की बचत हुई है, आरंभ से 20 जून 2022 तक 1 करोड़ 32 लाख 54 हजार एमआरपी की दवाइयां आमजनों को 56 लाख 71 हजार रुपए में मिली है। नगर पालिका निगम बैकुण्ठपुर में 31 लाख 65 हजार, नगर पालिका परिषद चिरमिरी में कुल 18 लाख 46 हजार, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में 5 लाख 82 हजार रुपये की दवाइयां खरीदी गई हैं। इसी तरह नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा, नगर पंचायत खोंगापानी, नगर पंचायत झगराखण्ड तथा नगर पंचायत नई लेदरी में 78 हजार रुपए की दवाइयों की लोगों द्वारा खरीदी गई है।

### मेडिकल स्टोर में दवा खरीदने आए लोगों ने साझा किया अनुभव

नगर पालिका परिषद चिरमिरी स्थित मेडीकल स्टोर में दवा खरीदने आए फिरोज खान बताते हैं कि उन्हें पहले परिवार के लिए माह में 2500 से 3000 तक कि दवाइयां खरीदनी पड़ती थी। शासन की इस योजना से उन्हें दवाइयों पर मात्र 600-700 रुपए ही खर्च करना पड़ रहा है। शासन की धनवन्तरि जेनेरिक मेडिकल योजना बजट में फिट बैठने वाली है। ये कहना है चिरमिरी बड़ा बाजार निवासी प्रहलाद पाठक का। वे बताते हैं कि महंगी दवाइयों के बदले असरकारक जेनेरिक दवाओं से उनकी तबियत और जेब दोनों को काफी राहत मिली है।

मेडिकल स्टोर में अपनी माता के लिए ब्लड प्रवेश तथा शुगर की दवा खरीदने आए गोदरीपारा के विजय कुमार ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि शासन की यह योजना आमलोगों के लिए लाभकारी योजना है। जेनरिक दवाइयां आधी से कम कीमत पर मिलने से मैं बहुत खुश हूं।

## रंगबाज का सफर दिलचस्प रहा: आकांक्षा सिंह



आकांक्षा सिंह, जिन्हें आखिरी बार अमिताभ बच्चन, अजय देवगन अभिनीत फिल्म रनवे 34 में देखा गया था, आगामी वेब सीरीज रंगबाज 3 के नए सीजन की शूटिंग में व्यस्त हैं। कहानी और चरित्र गैंगस्टर से नेता बने मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हेना शहाब से प्रेरित है, और अभिनेत्री ने अपनी भूमिका के लिए व्यापक तैयारी की।

उसी की पुष्टि करते हुए, आकांक्षा ने कहा, चूंकि मैं वेब सीरीज में एक राजनेता का किरदार निभाती हूं, इसलिए मुझे सब कुछ पढ़कर व्यापक शोध करना पड़ा। मेरे द्वारा शो की शूटिंग शुरू करने से पहले चार से पांच घंटे के लिए हर दिन वृत्तचित्र और वीडियो उपलब्ध हैं।

## हंसिका मोटवानी ने पुष्पा के गाने पर अपने डांस की रील की शेयर

पुष्पा की दिसंबर 2021 में रिलीज होने के कई महीनों बाद भी यह फिल्म अपने ट्रेंडी गानों और बड़े डायलॉग्स से सुर्खियां बटोर रही है। अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा के गाने पर अपने डांस की रील शेयर की है।



हंसिका मोटवानी, जो एक लोकप्रिय अभिनेत्री हैं, जो मुख्य रूप से तेलुगु और तमिल सिनेमा में काम करती हैं, ने अपने पहले सह-कलाकार अल्लू अर्जुन के पुष्पा कदम का प्रदर्शन करते हुए एक रील पोस्ट की। इन दोनों ने तेलुगु फिल्म देसमुदुरु में अभिनय किया था।

उनके आश्चर्य और खुशी के लिए, अल्लू अर्जुन ने अपने सह-कलाकार के वीडियो को दोबारा पोस्ट किया।

सुकुमार द्वारा निर्देशित अल्लू अर्जुन-स्टारर पुष्पा: द राइज ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया और कई रिकॉर्ड तोड़े और यहां तक कि हिंदी बेल्ट में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा भी दर्ज किया, और दुनिया भर में 300 करोड़ रुपये की कमाई की।

## शिमरी थाई स्लिट गाउन में मौनी रॉय ने फिर बिखेरा जलवा, अदाएं देख फैंस हुए पानी-पानी

टीवी और बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय ने कड़ी मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में ऊंचा मुकाम हालिस किया है। वह अपने प्रोजेक्ट्स से ज्यादा खूबसूरती और ग्लैमरस अदाओं को लेकर चर्चा में रहती हैं। मौनी ने न सिर्फ अपने बेहतरीन अभिनय, बल्कि दिलकश अंदाज से भी लोगों का ध्यान खूब खींचा है। उनकी खूबसूरती के चर्चे दुनियाभर में हैं।अब एक्ट्रेस की बोल्ड और हॉट तस्वीरें देख फैंस के दिलों की धड़कनें तेज हो गईं।



मौनी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें मौनी गोल्डन कलर का शिमरी थाई स्लिट गाउन पहने हुए दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस की इस ड्रेस का गला बेहद डीप है जो मौनी के लुक को हद से ज्यादा बोल्ड बना रहा है।

एक्ट्रेस का ये गाउन इतनी ज्यादा रिवीलिंग है कि लोगों की निगाहें उनके हुस्न से हटना मुश्किल हो रहा है। मौनी इस फोटोशूट में गोल्डन ड्रेस के साथ हाथ में फर वाला स्टोल भी डाले हुए हैं।

लुक को कंप्लीट करने के लिए मौनी ने स्मोकी मेकअप किया है और बालों को ओपन ही रखा है। इसके अलावा एक्ट्रेस ने इयररिंग्स के साथ लुक को एक्सेसाइज किया है। यहां वह काफी हॉट लग रही हैं।

इन तस्वीर में मौनी का एक अलग ही अंदाज देखने को मिल रहा है। इस लुक में मौनी की जितनी तारीफ की जाए कम है। फैंस उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं।

इस फोटोशूट में मौनी एक से बढ़कर एक किलर लुक्स देती हुई दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस कभी कैमरे की तरफ देख रही हैं तो कभी किसी और तरफ देखकर अपनी अदाओं का जादू चलाती दिख रही हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो मौनी इन दिनों डांस रियलिटी शो 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स' में देखा जा रहा है।इस शो में एक्ट्रेस जज की कुर्सी संभालती दिख रही हैं।

## सब्जी काटने के कारण फट-कट गए हैं हाथ तो काम आएगा सरसो का तेल

सब्जियों को कितना ही ध्यान से काटा जाए, हालाँकि फिर भी एक समय पर इनकी वजह से हाथों का फटना शुरू हो जाता है। कई बार हम काफी देर तक सब्जिया काटते हैं तो हाथ कट-फट जाते हैं। आप सभी ने इन समस्याओं को झेला होगा और एक बार नहीं बल्कि कई बार। हालाँकि इससे बचाव के लिए इन ट्रिक्स को आजमाएं जो हम आपको बताने जा रहे हैं।



### सरसों का तेल

कुछ सब्जियां जैसे कटहल की वजह से हाथों में खुजली होने लगती है। ऐसे में सब्जियों से होने वाली खुजली से बचने के लिए इन्हें काटने से पहले हाथों में सरसों का तेल लगाएं और बाद में गुनगुने पानी से इसे रिमूव करें। आपको लाभ होगा।

### वैसलीन लगाएं

हाथों की देखभाल में वैसलीन लगाना बहुत अच्छा माना जाता है। जी हाँ और इस तरीके को आपको रात को अपनाना है। आप रात को सोने से पहले हाथों को अच्छे से धोएं और उन्हें सूखाकर इन पर वैसलीन की मसाज करें।

सब्जियों का दाग: कुछ सब्जियां ऐसी होती हैं, जिनके दाग लगने की वजह से हाथ ड्राई होने लगते हैं। जी हाँ और इसको हटाने के लिए बार-बार साबुन की जगह एक बार धोएं और फिर हाथों पर ऑलिव ऑयल लगाएं। ऐसा करने से हाथों को सॉफ्ट और खूबसूरत बनाया जा सकता है।

### स्क्रबिंग

*लोगों में यह एक मिथ बना हुआ है कि स्क्रब करने से हाथों और ड्राई हो सकते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। जी दरअसल हफ्ते में एक बार दही, ओट्स और शहद से हाथों की स्क्रबिंग करें। ये तरीका उन्हें सॉफ्ट बनाने के साथ-साथ खूबसूरत भी बनाएगा।*

## टैटू बनवाने के बाद भूल से भी न करें ये गलती वरना...

दुनियाभर में कई लोग टैटू बनवाते हैं। जी दरअसल टैटू बनवाने के लिए हिम्मत चाहिए। हालाँकि टैटू बनवाते समय आपको थोड़ा सहना पड़ता है, लेकिन आपका काम यहीं खत्म नहीं होता है। जी दरअसल टैटू बनवाने के बाद भी उसकी अच्छी देखभाल करना जरूरी है। कई बार ऐसा देखा जाता है कि लोग टैटू बनवा लेते हैं, लेकिन फिर वे इसकी परवाह नहीं करते। जी हाँ और उसके बाद टैटू में खुजली, दर्द और सूखापन नजर आता है। हालाँकि टैटू बनवाने के बाद त्वचा को ठीक होने में लगभग एक सप्ताह का समय लगता है और अगर इस दौरान टैटू का ध्यान रखा जाए तो ड्राईनेस से लेकर खुजली जैसी समस्याओं से आसानी से बचा जा सकता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं टैटू बनाने के बाद किन बातों का ध्यान रखे। मॉइस्चराइज जरूर करें- यह पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है। हालाँकि टैटू बनवाने के बाद कम से कम एक हफ्ते तक उस जगह को मॉइश्चराइज रखना बहुत जरूरी है। हालाँकि टैटू क्षेत्र को बहुत अधिक या बहुत कम मॉइस्चराइज़ करने से बचें। जी दरअसल अधिक मॉइस्चराइजिंग आपकी त्वचा के छिद्रों को अवरुद्ध कर सकती है और ब्रेकआउट का कारण बन सकती है। आप टैटू वाली जगह पर वैसलीन, मॉइस्चराइजर या लोशन की एक पतली परत लगाएं।



छिलने न दें- कुछ लोग यह गलती करते हैं कि जब टैटू बनवाते हैं, तो आपकी त्वचा की ऊपरी परत पांच से सात दिनों में छिलने लगती है। जी हाँ और ज्यादातर लोग इसे खुद ही निकाल देते हैं। हालाँकि आपको वास्तव में ऐसा नहीं करना चाहिए। जी दरअसल जब आप अपनी त्वचा को छीलते हैं (यह होममेड पील ऑफ मास्क त्वचा के लिए सबसे अच्छा है), तो यह न केवल आपके टैटू को हल्का करता है, बल्कि यह त्वचा की शुष्कता को भी बढ़ाता है। ऐसे में आपको थोड़ा धैर्य दिखाने की जरूरत है ताकि आपकी त्वचा अपने आप छिल जाए।

स्वच्छता का ध्यान रखें- टैटू बनवाने के बाद हाइजीन का भी खास ख्याल रखना जरूरी है। अगर आप स्वच्छता पर ध्यान नहीं देते हैं, तो इससे न केवल त्वचा का रूखापन बढ़ता है, बल्कि संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है।



## तीरंदाजी वर्ल्ड कप में भारत ने जीता तीसरा मेडल

### भारतीय रिकर्व महिला टीम को सिल्वर, फाइनल में ताइवान ने 5-1 से हराया

दीपिका कुमारी की अगुवाई में तीरंदाजी वर्ल्ड कप स्टेज-3 खेल रही भारतीय रिकर्व महिला टीम को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा है। यह टीम ताइवान के खिलाफ फाइनल मुकाबला 5-1 से हार गई है।



इस सिल्वर के बाद भारत का अभियान एक गोल्ड और दो सिल्वर के साथ समाप्त हुआ। पेरिस में आयोजित इस प्रतियोगिता में रविवार को दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी ताइवान से सीधे सेट में 1-5 (53-56 56-56 53-56) से हार गई।

### पहला और तीसरा सेट ताईवान ने जीता

विजेता टीम में रियो ओलंपिक में ब्रॉन्ज जीतने वाली लेई चिएन यिंग भी शामिल थीं। इस तीसरी वरीय तीरंदाज ने शुरू में ही दबाव बना दिया। पहले सेट को ताइवान ने 3 अंक से जीता। फिर भारतीय तीरंदाजों ने दूसरा सेट 56-56 से बराबर कराया। लेकिन वह काफी नहीं था। अगले ही सेट में ताइवान की तीरंदाजों ने वापसी करते हुए गोल्ड अपने नाम कर लिया। इस सेट का स्कोर 56-53 रहा।

यहां बता दें कि फाइनल में हर सेट के 2 अंक होते हैं। फाइनल के दो सेट चीनी ताइपे ने जीता। और एक सेट टाई रहा।

### सुरेखा-अभिषेक की जोड़ी ने दिलाया था गोल्ड

प्रतियोगिता के कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में ज्योति सुरेखा और अभिषेक वर्मा की भारतीय जोड़ी ने गोल्ड जीता। इस जोड़ी ने फ्रांस की रॉबिन जाटमा और लिसेल जाटमा को 152-149 से परास्त किया। सुरेखा को कंपाउंड विमेन सिंगल्स इवेंट में सिल्वर भी मिला।

## हेले मैथ्यूज बनीं वेस्ट इंडीज महिला टीम की कप्तान

**सेंट जॉन्स (एंटीगुआ)।** क्रिकेट वेस्ट इंडीज (सीडब्ल्यूआई) महिला चयन पैनल की सिफारिश की पुष्टि के बाद ऑलराउंडर हेले मैथ्यूज को महिला टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। हालांकि, मैथ्यूज से पहले कप्तानी की कमान स्टैफनी टेलर के हाथों में थी।



टेलर वेस्टइंडीज के इतिहास में सबसे सफल महिला खिलाड़ी में से एक हैं। उन्होंने 2015 से सात वर्षो से अधिक समय तक टीम का नेतृत्व किया है। टीम उस समय शीर्ष पर थी, जब वेस्टइंडीज ने 2016 में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप जीता था। वहीं, इस साल की शुरुआत में भी टीम न्यूजीलैंड में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी।

सीडब्ल्यूआई के मुख्य चयनकर्ता एन. ब्राउन-जॉन ने स्टैफनी के योगदान की सराहना करते हुए कहा, हम मानते हैं कि सात साल तक टीम का नेतृत्व करना एक बड़ी उपलब्धि है। चयन पैनल ने नेतृत्व सहित टीम की समीक्षा की है। इस समीक्षा के बाद पैनल ने सिफारिश करने का निर्णय लिया कि हेले मैथ्यूज कप्तान के रूप में भूमिका निभाएं। हेले ने उप-कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व किया है।

### एक नजर

## सेरेना, स्विएटेक, रादुकानु ने ली राफेल नडाल से प्रेरणा

**लंदन ।** सेरेना विलियम्स, पोलैंड की विश्व नंबर 1 इगा स्विएटेक और मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन एम्मा रादुकानु सहित कई शीर्ष महिला टेनिस खिलाड़ियों ने कहा है कि वे स्पेनिश दिग्गज राफेल नडाल से प्रेरणा लेती हैं।

साल के पहले दो मेजर जीतने के बाद नडाल ने इससे पहले कभी भी विंबलडन में प्रवेश नहीं किया है, लेकिन 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन और ग्रैंड स्लैम के चैंपियन रहे थे।



1969 में रॉड लेवर के बाद से पुरुष एकल में किसी भी खिलाड़ी ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की, लेकिन नडाल को दूरी तय करने वाले के रूप में जाना जाता है।

सिंगल्स में 23 मेजर की विजेता सेरेना ने शनिवार को अपने विंबलडन प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, नडाल 2022 के सीजन में व्यस्त है। मैं हमेशा से उनकी प्रशंसक रही हूं।

40 वर्षीय सेरेना, जो पिछले साल के विंबलडन के बाद अपने पहले प्रतिस्पर्धी एकल मैच में वापसी कर रही हैं, इस सीजन के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं।

इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन का एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विएटेक भी नडाल से प्रभावित हैं। पोल ने अपना दूसरा रोलां गैरो खिताब जीतने के बाद 35 मैचों की जीत के साथ विंबलडन में प्रवेश किया। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में भी पहुंचीं।

## ओलंपियन साजन प्रकाश, श्रीहरि नटराज सीडब्ल्यूजी 2022 के लिए भारतीय तैराकी टीम में शामिल

**नई दिल्ली ।** टोक्यो ओलंपियन साजन प्रकाश और श्रीहरि नटराज, डेब्यूटेंट कुशाग्र रावत और अद्वैत पेज के साथ, 28 जुलाई से 8 अगस्त तक बर्मिंघम में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय तैराकी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) द्वारा निर्धारित क्वालीफाइंग मार्क हासिल करने के बाद भारतीय तैराकों को चार उपलब्ध कोटा के लिए विचार किया गया था। सीडब्ल्यूजी तैराकी स्पर्धाएं 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होंगी। यह साजन और श्रीहरि की लगातार दूसरी राष्ट्रमंडल खेलों में उपस्थिति होगी। दोनों ने वीरधवल खाड़े के साथ गोल्ड कोस्ट 2018 में प्रतिस्पर्धा की। रिपोर्ट के अनुसार, साजन प्रकाश, जो पिछले साल ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय तैराक बने, बर्मिंघम 2022 में पुरुषों की 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धाओं में भाग लेंगे। दूसरी ओर, 21 वर्षीय श्रीहरि पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर और 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पधाओं में तैरेंगे और कुशाग्र रावत और अद्वैत पेज पुरुषों की फ्रीस्टाइल श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### 40 साल की उम्र में वापसी करेंगी सेरेना-

## बोलीं- मोटिवेट हूं, पिछले साल इंजरी के कारण हटना पड़ा, कोई नहीं चाहता कि मैच ऐसे खत्म हो

पहली नजर में विम्बलडन वैसा ही नजर आ रहा था, जैसा हमेशा होता है। सोमवार से शुरू होने वाली द टेनिस चैंपियनशिप के पहले नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल ग्रास कोर्ट पर प्रैक्टिस करते नजर आ रहे थे। लंबे समय से प्रतिद्वंद्वी रहे इन खिलाड़ियों के अलावा सेरेना विलियम्स भी नजर आ रही थी। यह अमेरिकन टेनिस स्टार सेरेना का 21वां विम्बलडन है।



### पिछले साल इंजरी के कारण नहीं खेल सकीं

यह उनके लिए खास अवसर है क्योंकि वे 40 साल की उम्र में ऑल इंग्लैंड क्लब में वापसी कर रही हैं। पिछले साल विम्बलडन में हैमस्ट्रिंग इंजरी के बाद उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला था। सेरेना से जब पूछा गया कि वे अपने कमबैक को लेकर कितनी प्रेरित या उत्साहित हैं, तो उन्होंने कहा, %जब पिछले साल विम्बलडन में आखिरी बार खेली थी, तब से यह कमबैक मेरे दिमाग में था। इसलिए काफी मोटिवेट हूं। पिछले साल इंजरी के कारण हटना पड़ा था, लेकिन कोई नहीं चाहता कि मैच इस तरह खत्म हो।

### नए कोच हैचमैन के साथ उतरी है सेरेना

*सेरेना इस बार नए कोच एरिक हैचमेन के साथ उतर रहीं हैं। हैचमेन यूनिवर्सिटी ऑफ मियामी के टेनिस खिलाड़ी रहे हैं और 2019 से वीनस विलियम्स को कोचिंग दे रहे हैं। हैचमेन विलियम्स सिस्टर्स को 15 साल से जानते हैं। उनसे पहले फ्रांस के हाई-प्रोफाइल कोच पैट्रिक मोराटोग्लू 10 साल से सेरेना के कोच थे। अब वे सिमोना हालेप के कोच हैं। भले ही सेरेना एक साल बाद विम्बलडन में वापसी कर रही हों या फिर उनके कोच नए हों, लेकिन लक्ष्य वही है- विम्बलडन जीतना।*

### पंड्या की कप्तानी में जीत से शुरुआत

## भारत ने पहले टी-20 में आयरलैंड को 7 विकेट से हराया, डेब्यू मैच में फ्लॉप रहे उमरान मलिक

हार्दिक पंड्या ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने कप्तानी करियर की शुरुआत जीत के साथ की है। टीम इंडिया ने शनिवार को आयरलैंड के खिलाफ पहले टी-20 मैच में 7 विकेट से जीत हासिल की। पंड्या खुद गेंद और बैट दोनों के साथ चमक बिखेरने में सफल रहे। उन्होंने आयरलैंड की पारी में 1 विकेट लिया और बाद में 11 गेंदों पर 24 रन भी बनाए। बारिश के कारण यह मैच प्रति पारी 12-12 ओवर का कर दिया गया था। आयरलैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 108 रन बनाए। हैरी टेक्टर ने सबसे ज्यादा 64 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया ने 9.2 ओवर में तीन विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। दीपक हुड्डा ने नाबाद 47 रन बनाए। ईशान किशन ने 26 रनों की पारी खेली।



### यादगार नहीं बन पाया उमरान मलिक का डेब्यू

इस मैच में उमरान मलिक का देश के लिए खेलने का सपना पूरा हुआ, हालांकि उनके लिए यह मुकाबला यादगार नहीं बन पाया। टी-20 इंटरनेशनल में भारत के 98वें क्रिकेटर बने उमरान को सिर्फ 1 ओवर गेंदबाजी मिली। इसमें उन्होंने 14 रन लुटा दिए।

# मानसिक चिकित्सालय में मरीजों की सुविधायें बढ़ाने कई निर्णय

## कमिश्नर की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित





**बिलासपुर।** कमिश्नर डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में आज यहां उनके कार्यालय के सभाकक्ष में सेंदरी स्थित राज्य मानसिक चिकित्सालय की जीवनदीप समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मरीजों के लिए अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय लिये गये। इनमें अस्पताल में जीवनदीप समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये ईईजी मशीन से मरीजों की जांच के लिए रियायती दर मात्र 300 रूपये शुल्क लिये जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ईईजी जांच की यह सुविधा पूरे छत्तीसगढ़ में केवल सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में उपलब्ध हुआ है। बाजार में लगभग डेढ़ हजार के लगभग इसका सेवा शुल्क लिया जाता है। अस्पताल के कोर्टयार्ड को बारबेड वायर से घेरने पर भी सहमति बनी जिससे मरीजों के दीवार फांदकर भाग जाने की घटनाओं पर विराम लग सकेगी। इसके अलावा रसोई घर के सामने कीचन शेड निर्माण, छत मरम्मत, टॉयलेट सुधार और जीवनदीप समिति के खाते की 20 लाख राशि को फिक्सड डिपाजिट में रखने का निर्णय किया गया। अस्पताल संचालन के लिए पूर्व में खर्च किये गये जरूरी 2 लाख 8 हजार रूपये की कार्योत्तर स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में अधीक्षक डॉ. बी.आर.नंदा ने अस्पताल का प्रतिवेदन एवं पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में 159 मरीजों की भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग 70 मरीजों का ओपीडी में इलाज किया जाता है। सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता, डिप्टी कमिश्नर श्रीमती अर्चना मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री राकेश शोरी सहित जीवनदीप समिति के सदस्य अधिकारी उपस्थित थे।

## नशा प्रगति में बाधक - एसडीएम चौबे

**जगदलपुर ।** बस्तर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा के निर्देश पर12 जून से आयोजित नशामुक्ति पखवाड़ा का समापन 26 जून को नशामुक्ति दिवस के अवसर पर बस्तर ब्लॉक के ग्राम भाटपाल में सरपंच श्रीमती रयोनारायम कश्यप एसडीएम नन्द कुमार चौबे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

स्थानीय ग्रामीणों व नगर पंचायत के लोगों द्वारा रैली निकाल कर आम जनों को जागरूक किया गया। उसके बाद ग्राम पंचयत भाटपाल में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम नन्द कुमार चौबे ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा ही प्रगति में बाधक है। नशे के कारण ही हम परिवार - समाज में लोगों के बीच अपने आप को असहाय महसूस करते हैं। नशे के कारण ही हम अपनों से दूर हो जाते हैं। कार्यक्रम को तहसीलदार कमल किशोर साहू ने भी संबोधित किया।

# सिरफुट्टवल और बिखराव से पीड़ित भूपेश सरकार चला रही प्रदेश में अघोषित आपात काल - अमर अग्रवाल

## ट्रांस्फार्म रिफार्म, परफार्म से देश के सुशासन में हुआ ऐतिहासिक परिवर्तन



**बिलासपुर** - पूर्व मंत्री श्री अमर अग्रवाल ने 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाये गये आपात काल को लोकतंत्र और मानवाधिकारों के खिलाफ काला अध्याय बताते हुए मीसाबंदियों को देश के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होने कहा छ-ग- में अघोषित अपातकाल चल रहा है। नेशनल हेराल्ड मामले में गबन के आरोपी राहुल गांधी को बचाने के लिए छ.ग. की पूरी सरकार और विधायक जनता के हितों के लिए भेंट मुलाकात के ड्रामे को छोडकर दिल्ली में ईडी के सामने धरना दे रहे हैं और राज्य के किसान खाद, उर्वरक और बीज के लिए राज्य सरकार की ओर आस लगाये बैठे हैं।उनहोने कहा एतिहासिक अग्निपथ योजना को केवल दलगत राजनीति के आधार पर विरोध करना विपक्ष की सुविधावीर बनाने की मानसिकता का पर्याय है। श्री अमर अग्रवाल ने पूछा 8 वर्षों में जो लोग बैंक खाते में 15 लाख दिये जाने पर कटाक्ष करते थे वो सरकार द्वारा युवाओ को 4 वर्षों में 24 लाख दिये जाने पर युवाओं को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की सरकार को चाहिए कि भविष्य में छ-ग- में लौटने वाले अग्निवीरों के बेहतर नियोजन के लिए प्रदेश की पुलिस सेवा, प्रादेशिक सेना सशस्त्र बलों में अन्य राज्यों की तर्ज पर स्थान सुरक्षित करना चाहिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व में अड़ंगेबाजी की सरकार चल रही है। संघवाद की आलोचना करना संवैधानिक मर्यादाओं को ताक पर रखना, केन्द्रीय योजनाओं का नाम बदलकर राज्य के नाम से चलाना और सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों के विरूद्ध एफ-आई-आर- कराना राज्य सरकार की कार्यशैली बन गई है। श्री अग्रवाल ने कहा राज्य सरकार में बिखराव की स्थिति है किसानों,युवाओं, श्रमिकों और प्रदेश वासियों से किये गये वायदे पूरे करना तो दूर विधायक और मंत्रियों से किये वायदों से भी मुख्यमंत्री ने किनारा कर लिया है और अब इसी कारणों से उन्हें महाराष्ट्र की स्थिति का अंदेशा दिखाई दे रहा है,ऐसे हास्यास्पद है कि आदतन में पुन: केन्द्र सरकार पर स्वयं के दल में सिरफुटव्वल का ठीकरा फोड़ने में लगे हुए हैं।

**मोदी जी के नेतृत्व में वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ी साख**

श्री अग्रवाल ने कहा गुजरात दंगों पर माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रधानमंत्री श्री मोदी के खिलाफ दर्ज याचिका खारिज किये जाने से दो दशकों से देश की जनता के सामने परोसा गया झूठ का सच सबके सामने आ गया है। मोदी जी के दृढ़ संकल्प और धैर्य के साथ देश की सभी वर्गों के समग्र विकास की मंशा का परिणाम है कि वैश्विक मंच पर भारत की साख दिनों दिन बढ़ रही है। रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म के मूल मंत्र पर देश के सुशासन में आठ वर्षों के दौरान ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं और लोगों को भागीदार बनाने की इच्छा शक्ति के परिणाम देश की जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों वित्तीय क्षेत्र में भुगतान मामले में भी भारत दुनिया का नं. 1 देश बन गया है। डिजिटल सशक्तिकरण के प्रयासों से व्यापार, वाणिज्य में विस्तार के साथ अधोसंरचना विकास के नये नये अवसर देश में उपलब्ध हो रहे हैं। हजारों स्टार्टअप कंपनियों में सौ से ज्यादा यूनिकार्न बन गये हैं। देश में बेरोजगारी की समस्या की हल के लिए सरकार ने डेढ़ वर्ष में 10 लाख भर्ती करने का संकल्प लिया है। पूर्व मंत्री श्री अमर अग्रवाल ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए झारखंड के पूर्व राज्यपाल श्रीमती द्रोपती मुर्मू को एनडीए का उम्मीदवार बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए महिला सशक्तिकरण एवं सरल समाज के दृष्टिकोण से लिया ऐतिहासिक निर्णय बताया। श्री अग्रवाल ने बढ़ते कोरोना मामले से सावधान रहने की जरूरत बताते हुए समुदाय के लोगों से टीकाकरण कराये जाने के लिए अपील की।

# पुलगांव-अंजोरा रोड पर लगेंगे 11 हजार पौधे

### साढ़े 5 किमी में दोनों ओर चंपा, कदंब का होगा पौधरोपण, डिवाइडर पर लगाया जाएगा कनेर



**दुर्ग।** पुलगांव से अंजोरा को जाने वाली सड़क कुछ सालों में हरी भरी नजर आएगी। इसके लिए जिला प्रशासन ने साढ़े 5 किमी की सड़क के दोनों ओर 11 हजार पौधे लगाने का निर्णय लिया है। सड़क किनारे बड़े पौधे लगाए जाएंगे, जिससे यह जल्द से जल्द तैयार हो जाएं।

अंजोरा रोड को हरियाली से गुलजार करने के लिए किए जा रहे कार्य का दुर्ग कलेक्टर डॉ. एसएन भुरे ने निरीक्षण किया। पीडब्ल्यूडी के ईई अशोक श्रीवास ने बताया कि सड़क को हरा भरा करने के लिए इसके दोनों तरफ चंपा, कदंब, कोनोकार्पस आदि पौधों को लगाया जाएगा। हर एक किलोमीटर में अनुमानत: हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस तरह 5 किलोमीटर की इस सड़क में लगभग ग्यारह हजार पौधे लगाये जाएंगे।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि डिवाइडर में चंपा के पौधों के बीच में कनेर के पौधे भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पौधों के बढ़ जाने से इस रास्ते की खूबसूरती काफी बढ़ जाएगी। पिछले दो सालों में शहर के महत्वपूर्ण सड़कों के किनारे पौधे लगाये गए हैं। यह पौधे काफी बढ़ गए हैं। इससे वहां का रास्ता काफी खूबसूरत हो गया है।

उन्होंने कहा कि वन होम वन ट्री महा अभियान के दौरान भी कुछ पौधे लगाये जाएंगे। इसके लिए अधिकारियों से पौधों की व्यवस्था करने और उन्हें सहेजने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, डीएफओ शशि कुमार, दुर्ग निगम के प्रभारी आयुक्त आशीष देवांगन, पीडब्ल्यूडी ईई अशोक श्रीवास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# फरसगांव जनपद पंचायत क्षेत्र में उप चुनाव के लिए मतदान दल रवाना




**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के अंतर्गत विकास खण्ड फरसगांव में पंचायत उप चुनाव निर्वाचन 2022 में जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत नामांकन की प्रक्रिया के साथ नामवासी और चिन्हों का आबंटन पूर्ण कर लिया गया है वही 28 जून को मतदान करवाने के लिए जनपद कार्यालय से आज मतदान दल को पूरी तैयारी व पुलिस बल के साथ रवाना किया गया आपको बता दे की फरसगांव जनपद क्षेत्र क्रमांक 16 के के लिए दो प्रत्यासी आमने सामने है जिसमे बसमन नेताम को ब्लैक बोर्ड वही कमलेश नेताम को बरगद पेड़ चुनाव चिन्ह मिला है जनपद क्षेत्र क्रमांक 16 में 3 ग्राम पंचायत जैतपुरी, कबोंगा और कोसागांव आती है वही 7 पोलिंग बूथ में 3445 महिला व पुरुष मतदाता है 28 जून को प्रात 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान किया जा सकेगा वही उसके पश्चात मत पत्रों की गिनती की प्रक्रिया मतदान केंद्रों में ही की जायेगी साथ ही जीते हुये प्रत्यासी की विधिवत घोषणा जनपद कार्यालय फरसगांव से 30 जून सुबह 9 बजे की जायेगी ।

## एक नजर

### बस्तर में चरवाहों की पुरानी परंपरा को किया जाएगा जीवित

कलेक्टर श्री बंसल ने की नरवा गरुआ, घुरवा बाड़ी और गोधन न्याय योजना की समीक्षा





**जगदलपुर ।** बस्तर में चरवाहों की पुरानी परंपरा को पुन: एक बार जीवित किया जाएगा। गांवों में चरवाहे रखने के लिए जिला प्रशासन भी आर्थिक रुप से सहयोग किया जाएगा। आज जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित बैठक में यह निर्णय कलेक्टर श्री रजत बंसल की अध्यक्षता में आयोजित नरवा गरुआ, घुरवा, बाड़ी व गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक में लिया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित व्यास भी उपस्थित थे। बैठक में नरवा, गरुआ, घुरवा बाड़ी तथा गोधन न्याय योजना को शासन की महत्वपूर्ण योजना बताते हुए कहा गया कि इस योजना के क्रियान्यवन में सभी संबंधित विभागों को पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन द्वारा ग्रामीणों की आय को बढ़ाने के लिए प्रारंभ की गई इस योजना के तहत शत-प्रतिशत गोठानों में गोबर खरीदी करने पर जोर दिया गया। वर्तमान में पूरे विश्व में आए रासायनिक खाद संकट को दूर करने में गोबर खाद को एक महत्वपूर्ण विकल्प बताते हुए छत्तीसगढ़ की तर्ज पर अन्य राज्यों द्वारा प्रारंभ की गई गोबर खरीदी की योजना को देखते हुए इसके महत्व को बताया गया। इस दौरान मंगनार में गोबर से पेंट निर्माण तथा जगदलपुर में गोबर से बिजली निर्माण इकाई स्थापना की जानकारी देते हुए इन इकाईयों के त्वरित निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व को देखते हुए छत्तीसगढ़ की परंपरा रोका छेका के संबंध में भी चर्चा की गई और सुरक्षित कृषि के लिए मवेशियों को खुला नहीं छोड़ने के लिए सभी ग्रामीणों को प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए सभी गांवों में अनिवार्य रुप से मुनादी करने को कहा गया। बस्तर में पशुओं की देखरेख के लिए चरवाहे रखने की पुरानी परंपरा को फिर से जीवित पर जोर दिया गया। चरवाहों के द्वारा पूरे वर्ष भर पशुओं की देख-रेख की जा सके, इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान करने की बात भी कही गई। चारागाह विकास के लिए चारा रोपण की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित करने तथा पैरादान की समीक्षा करते हुए किसानों को पैरादान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात सुव्यस्थित करने हुई चर्चा

**गरियाबंद ।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई ।कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पुलिस अधीक्षक जेआर.ठाकुर,अपर कलेक्टर जेआर.चौरसिया, सीएमएचओ डॉ एनआर नवरत्न सहित परिवहन व संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे ।बैठक में एजेंडवार बिन्दुओं पर चर्चा की गई एवं यातायात व्यवस्था सुधार हेतु निर्णय लिए गए ।अप्रशिक्षिति चालकों को दुर्घटना से रोकने के लिए ड्राईविंग स्कूल का निर्माण करने एवं ड्रायविंग लायसेंस बनाने समय-समय पर ब्लाक एवं जिला स्तर पर शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव परिवहन विभाग द्वारा दिया गया।

### पशु विभाग ने हितग्राहियों को चूजा वितरण किया

**गरियाबंद ।** जिले में शासन द्वारा संचालित पशुधन विकास विभाग ने बैक्कार्ड कुकुट पालन योजना अंतर्गत 35 हितग्राहियों को सोमवार को चूजा वितरण किया गया है ।जिसमें पोंड मे 11 बारूका में 5 पाथर मोहदा 2 पारा गांव मे 4 एवं गरियाबंद में 13 हितग्राहियों को वितरण किया गया ।पशु चिकित्सक डॉ तामेश कंवर ने बताया कि कि शासन द्वारा संचालित योजना बैक्कार्ड कुटकुट पालन योजना के तहत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति को 90त्न का अनुदान मिलता है वही पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग को 75त्न का अनुदान मिलता है जिसमें प्रत्येक हितग्राहियों को 45 नग चूंजा एवं 12 किलो 500 ग्राम दाना प्रदाय किया जाता है।

# डॉक्टर साहब दिन में सपना देख रहे, - सूर्यकांत जैन



**राजनांदगांव।** शहर दक्षिण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्य कांत जैन ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी के ब्यान पर आज पलटवार करते हुए कहा कि सपना देखना अच्छी बात है, सपना देखना चाहिए,मगर क्षेत्रीय विधायक पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा के राष्टीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी दिन में भी सपना देख रहें है और छत्तीसगढ़ के विकास पुरुष माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी पर अनगर्ल आरोप लगा कर झुठी वाह वाह -वाही लूट रहे है। शहर दक्षिण ब्लाक सूर्यकांत जैन ने कहा कि जब पूरे विश्व सहित भारत भर में कोरोना संक्रमण का साया था तब छत्तीसगढ़ राज्य के मुखिया माननीय श्री भूपेश बघेल ने अपने सुझ-बुझ से छत्तीसगढ़ को आर्थिक मंदी से उबारने में भागीरथ कोशिश कर राजीव गांधी न्याय योजना के माध्यम से लाखों किसानों के खाते में करोड़ों रुपए ट्रांसफर कर बाजार को गुलजार किए थे। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी, सच्चाई से मुंह मोड़कर केवल राजनीति कर रहे हैं। सूर्यकांत जैन ने आगे कहा कि जनहितैषी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनकल्याणकारी योजनाओं से डाक्टर साहब विचलित हो गएं है। पूर्व मुख्यमंत्री जी भलीभांति जानते है कि कांग्रेस सरकार के दो साल कोरोना महामारी के नियंत्रण करनें में गुजरा है।

# अग्निपथ योजना - देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ - छन्नी साहु

राजनांदगांव/छुरिया। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सेना में भर्ती के लिए लाए गए अग्निपथ योजना को देश के युवाओं की भविष्य से खिलवाड़ बताते हुए खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस विधायक श्रीमति छन्नी चंदू साहू ने कहा कि भाजपा एवं केन्द्र की मोदी सरकार भारत के युवा एवं सेना में भर्ती के इच्छुक नौजवानों से छल कर रही है।



कांग्रेस विधायक छन्नी साहू ने अग्निपथ का विरोध करते हुए कहा कि भाजपा ने हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देनें,सौ दिनों में महंगाई कम करनें,किसानों की आय दोगुनी करने, कालाधन वापस लाने, जनधन योजना से हर भारतवासी के खाते में 15-15 लाख डालने जैसे कई लोक लुभावनें झुठे वायदों के बूते देश की सत्ता हासिल कर ली।

विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने कहा कि मोदी सरकार ने कुर्सी संभालते ही अपने एक भी वायदों व घोषणाओं को पुरा नही किया। कांग्रेस विधायक ने कहा की भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा कर सबसे पहले किसानों को छला। देश में ऐसे तीन कृषि काला कानून लाए गए जिससे पूरे भारत देश का किसान परेशान होकर सड़क में आ गया। और अब युवाओं को रोजगार देने के नाम पर अग्निपथ योजना लाकर देश के नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

कांग्रेस विधायक छन्नी साहू ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार नें सेना भर्ती के लिए तीन वर्ष से कोई वेकैंसी जारी नही की। अब अग्निपथ योजना लाकर देश के युवाओं को अपने पूंजीपति मित्रों की सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड तैयार करने के अभियान में जुटी हुई है।

विधायक छन्नी साहू ने कहा कि अग्निपथ ऐसी योजना है जिसमें चार वर्ष बाद 75 प्रतिशत अग्निवीरों की छटाई हो जाएगी। फिर इन अग्निवीरो को कहां नौकरी मिलेगी यह भी कही साफ नजर नही आता। विधायक छन्नी साहू ने कहा कि सेना से प्रशिक्षित होकर निकले इन जवानों को यदि वापस पैरामिलिट्री में काम करने का अवसर नहीं मिला तो इन अग्निवीरों को मजबूरी में जीविकोपार्जन के लिए औनें-पौनें की नौकरी करनी पड़ेगी या फिर प्रधानमंत्री मोदी जी के पूंजीपति मित्रों के यहां सिक्योरिटी गार्ड का काम करना पड़ेगा।

कांग्रेस विधायक ने कहा कि यदि अग्निपथ से लौटे अग्निवीरों को सम्मान जनक नौकरी नही मिली तो वे गलत रास्ते भी अख?तयार कर सकते हैं। इससे देश में अपराधिकरण को बढ़ावा मिलेगा। विधायक श्रीमती छन्नी साहु ने केन्द्र की मोदी सरकार से सेना में भर्ती के लिए लाई गई योजना अग्निपथ को वापस लेने तथा योजना में पुनर्विचार कर देश के युवाओं के हित में सेना में अस्थाई भर्ती प्रक्रिया को स्थगित करने कि मांग की है।

# अग्निपथ को लेकर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग को लेकर कांग्रेस सड़कों पर उतर चुकी है। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला और विधानसभा क्षेत्रों में केंद्र की अग्निपथ योजना का पुरजोर विरोध किया जा रहा है।**







कांग्रेसियों ने शहर से लेकर ग्रामीण स्तर में आज इस योजना का जोरदार विरोध करते हुए केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। शहर के स्टेशन चौक पर स्थित कांग्रेस भवन के प्रांगण में अध्यक्ष अनिल शुक्ला और विधायक प्रकाश नायक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता यहां उपस्थित हुए। फिर केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरुद्ध प्रदर्शन शुरू किया गया। प्रदर्शन कारी कांग्रेसियों का कहना है कि जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है तब से सेना को लेकर घृणित राजनीति जारी है। इसी बीच अग्निपथ योजना को लाकर मोदी सरकार ने भारतीय सेना की गौरवशाली व्यवस्था के साथ युवाओं का भविष्य बिगाड़ने का काम शुरू कर दिया है। जिसका देशव्यापी विरोध जारी है। विरोध प्रदर्शन में शामिल रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि हम आज के विरोध प्रदर्शन के माध्यम से अग्निपथ योजना वापस लिए जाने की मांग करते हैं। साथ ही हम केंद्र सरकार से यह भी मांग करते है कि युवाओं को अग्नि वीर बनाने की अपेक्षा सालों से सेना में बंद पड़ी भर्ती को चालू करवाए ताकि सेना में भर्ती की चाह रखने वाले हजारों युवाओं का भविष्य खराब न हो।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अग्निपथ योजना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। योजना सशस्त्र बलों में लंबे समय से चली आ रही परंपराओं और मनोबल का अवमूल्यन है। अग्निपथ योजना के लागू होने से आने वाले समय में देश में न केवल बेरोजगारी बढ़ेगी बल्कि वर्ग संघर्ष भी तेज होगा।

# मशरूम खाकर एक ही परिवार के 9 लोग बीमार

**उल्टी-दस्त से 4 बच्चों की हालत गंभीर; कवर्धा में सब्जी समझकर खाया जहरीला पदार्थ**



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा में एक ही परिवार के 9 लोगों को फूड प्वाइजनिंग हो गई। इनमें 4 बच्चे भी शामिल हैं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रविवार देर रात तबीयत बिगड़ने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया। सभी ने रात में मशरूम की सब्जी खाई थी। इसे कहां से लाया गया था, यह तो पता नहीं चल सका है, लेकिन उनके जहरीले होने की बात सामने आ रही है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का ही है।

जानकारी के मुताबिक, भागुटोला गांव निवासी गौकुर साहू के परिवार ने रविवार रात को बांस पिहरी (मशरूम) की सब्जी खाई थी। इसके बाद सोने चले गए। रात करीब 2 बजे एक-एक कर लोगों को उल्टी और दस्त शुरू हो गए। बच्चे भी पेट दर्द से तड़पने लगे। यह देखकर परिवार के किसी सदस्य ने डायल-112 को सूचना दी। थोड़ी देर में पुलिस पहुंची तो परिवार के ज्यादातर सदस्य बेसुध हो चुके थे। इस पर सभी को अस्पताल भेजा गया। परिवार के मुखिया गौकुर साहू ने बताया की रात में सबने खाना खाया फिर सो गए। रात दो बजे एक-एक कर सभी पेट दर्द और उल्टियां होने लगीं। सबसे पहले 5 साल की बच्ची बिंदा की तबीयत बिगड़ी।

# पति से झगड़े के बाद युवती ने लगाई फांसी

मां-बाप के घर खाना खाने को लेकर हुआ विवाद, फिर फंदे पर लटकी मिली पत्नी की लाश

**कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। शादीशुदा युवती का अपने पति के साथ झगड़ा हुआ था। जिसके बाद उसने ये खौफनाक कदम उठा लिया।**



बताया गया कि दोनों के बीच युवक के माता-पिता के घर में खाना-खाने को लेकर झगड़ा होता था। फिर झगड़ा हुआ तो युवती ने ये कदम उठा लिया है। मामला बांदे थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम पीवी 107 शक्ति नगर में रहने वाली पितिका सरकार(19) ने 5 साल पहले दीपक शंकर(28) से प्रेम विवाह किया था। दोनों का यह विवाह दीपक के घरवालों को पसंद नहीं था। जिसके कारण पितिका अपने पति के साथ दूसरे घर में रहती थी। दोनों के 3 बच्चे भी हैं।

बताया गया है कि कभी-कभी दीपक अपने माता-पिता के घर जाकर खाना खा लेता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ करता था। इस बीच रविवार रात को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद दीपक दूसरे कमर में सोने चला गया था। घटना की जानकारी उसे तब लगी, जब उसका छोटा बच्चा रोने लगा था। बच्चे की रोने की आवाज सुनकर जब दीपक पहुंचा तो उसने देखा कि पितिका ने फांसी लगा ली है। फंदे पर उसकी लाश लटकी हुई थी। आस-पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए थे। जिसके बाद पुलिस को भी इस बात की सूचना दी गई। पुलिस ने अब शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि इस केस में अलग-अलग एंगल से जांच जारी है।

# रोस्टर बनाकर स्कूलों में कराये टीकाकरण- कलेक्टर

जिले में दवाओं की हो पर्याप्त उपलब्धता : कलेक्टर

**सूरजपुर** । कलेक्टर सु इफ्फत आरा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में आज उप संचालक पूरन सिंह सिसोदिया की उपस्थिति में जिले में कोरोना वायरस एवं बरसात को देखते हुए जल जननित रोगों एवं सुपोषण को लेकर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उप संचालक सिसोदिया ने बताया कि जिले में मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार प्रसव कराएं, जीरो डोज, प्रसव के इंडेकेटर का पालन कराया जाना अनिवार्य है। जिले में ही समस्त बीएमओ यह सुनिश्चित करें कि जिले के प्रसव जिले में हो। संभाग के लिए रेफर न होने पाये। समस्त बीएमओ जिले में कोरोना को देखते हुए एन्टीजन टेस्ट एवं आरटीपीसीआर की जांच बढ़ाने के साथ ही जिले में जल जनित रोग डायरिया, पानी जमा होने से मच्छर तथा उनसे होने वाले मलेरिया के रोकथाम की तैयारी रखें। साथ ही जिले में दवाओं की उपलब्धता, वितरण एवं उनका उद्यतन जानकारी अवश्य रखें। जिले के दूरस्थ क्षेत्र खास कर बिहारपुर जैसे इलाकों में एन्टी स्नैक वेनम अवश्य उपलब्ध रहे। ऐसे रोगों के लिए सभी को एक टीम वर्क के साथ कार्य करना होगा।

# सनकी पति ने कुल्हाड़ी से काट दी पत्नी की गर्दन:बच्चे को आई मोच को लेकर कर रहा था झगड़ा, विरोध करने पर मार दिया



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद में एक सनकी युवक ने रविवार देर शाम अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर उसे मार डाला। आरोपी अपनी पत्नी से बच्चे को 20 दिन पहले आई मोच को लेकर झगड़ा कर रहा था। पत्नी ने इसका विरोध किया तो उसकी हत्या कर दी। वारदात का पता रात को चला, जब आरोपी के छोटे भाई ने खिड़की से अंदर अपनी भाभी का शव पड़ा देखा। उसने परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने सोमवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बागबहरा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम खोपली निवासी खिलावन मेहर का परिवार ईंट-भट्टे पर काम करता है। पूरा परिवार 20 दिन पहले ही प्रयागराज के एक ईंट-भट्टे पर काम करके लौटा था। बताया जा रहा है कि भट्टे पर काम के दौरान खिलावन के बच्चे राहुल को हाथ में मोच आ गई थी। इसी बात को लेकर खिलावन रविवार शाम करीब 6.30 बजे अपनी पत्नी कौशल्या से घर के बाहर खड़ा झगड़ा कर रहा था। इस पर कौशल्या घर के अंदर चली गई। उसके पीछे खिलावन मेहर भी गया और दरवाजा बंद कर लिया। खिलावन के छोटे भाई संतोष मेहर ने पुलिस को बताया कि घर के अंदर से भी काफी देर तक झगड़े की आवाज आती रही। फिर सब शांत हो गया। इस पर उसने खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर खिलावन घर के अंदर रखी कुल्हाडी से कौशल्या की गर्दन पर वार कर रहा था। इसके बाद खिलावन ने दरवाजा खोला और वहां से कुल्हाड़ी लेकर भाग गया। इस पर संतोष ने पड़ोस में रहने वाले अपने रिश्तेदारों को इसकी जानकारी दी। वह लोग कमरे में गए तो कौशल्या का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था।

## एक नजर

### शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 12 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नगर निगम के वार्ड क्रमांक 34 जूटमिल झोपड़ीपारा, रायगढ़ में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में नवीन आबंटन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं अन्य दस्तावेजों सहित 12 जुलाई 2022 को शाम 5 बजे तक कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा, रायगढ़ में आवेदन जमा कर सकते है।

### सरिया में स्थित शासकीय नजूल रिक्त भूमि की नीलामी 7 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिले के सरिया स्थित शासकीय/नजूल रिक्त भूमि की खुली नीलामी 7 जुलाई 2022 को दोपहर 2 बजे से तहसील कार्यालय बरमकेला सभाकक्ष में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन नजूल अधिकारी, सारंगढ़ के कक्ष में निर्धारित राशि की डिमाण्ड ड्रॉफ्ट सहित अंतिम तिथि 6 जुलाई 2022 को शाम 5 बजे तक जमा की जाएगी। जिला-रायगढ़ के सरिया वार्ड क्रमांक 12 में प्लाट नंबर 956/2 में रकबा 1040 वर्गमीटर भूमि के लिए 63,87,732 रुपये तथा सरिया वार्ड क्रमांक 8 में प्लाट नंबर 950/1 में रकबा 164 वर्गमीटर भूमि के लिए 1,99,780 रुपये है। भूमि का नक्शा और फार्म और परिशिष्ट-2 जिसमें शासकीय भूखंड का भूमि स्वामी हक में व्यवस्थापन/बंटन दिया जायेगा। इच्छुक खरीददारों द्वारा नजूल अधिकारी, सारंगढ़ तथा तहसील कार्यालय बरमकेला में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में नीलामी के स्थान और समय पर भी देखा जा सकेगा। आबंटन हेतु अमानत राशि जमा करने वाले आवेदकगण को ही नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता होगी। प्रत्येक पक्षकार की ओर से आवेदक तथा उनका अभिकर्ता सहित दो व्यक्ति नीलामी में उपस्थित हो सकेंगे। नीलामी का अनुमोदन समिति के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सारंगढ़ द्वारा किया जायेगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिये न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)सारंगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

### जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता की नियुक्ति के लिए अब 30 जून तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास की ओर से अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम, 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में क्रमश: जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता की नियुक्ति किया जाना है। यह पद अशासकीय एवं पूर्णत: अस्थायी होंगे एवं निर्धारित व नियत की गयी अवधि के अंतर्गत सीमित होंगे। पूर्व में उक्त पदों के लिए आवेदकों से 13 जून 2022 को सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। वन अधिकार अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन का न्यूनतम तीन वर्षो का मैदानी क्षेत्रों में कार्य करने वाले अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में न मिलने के कारण पुन: 30 जून 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। पूर्व में 13 जून 2022 तक आवेदन कर चुके पात्र अभ्यर्थियों को भी साक्षात्कार में सम्मिलित किया जाएगा। उन्हें पृथक से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

### प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का कलेक्टर चन्दन कुमार ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**कांकेर** । कलेक्टर चन्दन कुमार ने आज कांकेर विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय माटवाड़ा मोदी एवं नरहरपुर विकासखण्ड के पूर्व माध्यमिक शाला जुनवानी का आकस्मिक निरीक्षण किया। विद्यालय में पदस्थ शिक्षक एवं बच्चों की दर्ज संख्या तथा उनके शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं कक्षा में बच्चों को गणित एवं अंग्रेजी विषय पढ़ाकर बच्चों के लर्निंग-आउट-कम को जाना तथा शिक्षा स्तर सुधारने के लिए शिक्षकों को निर्देश दिये। कलेक्टर चन्दन कुमार के निरीक्षण दौरान प्राथमिक शाला माटवाड़ा मोदी में 25 में से 24 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण की जानकारी ली तथा कक्षा 3री, 4थीं, 5वीं के बच्चों को रोचक ढंग से पढ़ाया और शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों को बोल-बोलकर पढ़ायें ताकि वे आसानी से समझ सकें। कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बालक दिपांशु नेताम के समक्ष बैठकर उनसे विषय से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछकर उनके शिक्षा स्तर की जानकारी ली तथा उन्हें प्रोत्साहित करते हुए अपनी पेन को दिपांशु को भेंट किया।

कांग्रेस के सत्याग्रह को नेता प्रतिपक्ष ने कहा नौटंकी

# भूपेश जी, देशभक्त युवाओं को अग्निवीर बनने से रोक नहीं पाएंगे-धरमलाल कौशिक

**रायपुर। केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस के सत्याग्रह पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने निशाना साधा है।**



उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी आप कुछ भी कर ले, लेकिन छत्तीसगढ़ के देशभक्त युवाओं को अग्निवीर बनने से रोक नहीं पाएंगे। देखिएगा यहां के नौजवान अग्निपथ पर चलेंगे और देश सेवा का मौका नहीं छोड़ेंगे। धरमलाल ने प्रदेशभर में हुए कांग्रेस के सत्याग्रह को नौटंकी बताया है।

जांजगीर-चांपा जिले के प्रशिक्षण शिविर में धरमलाल कौशिक ने कहा कि युवा रोजगार चाहते हैं। केंद्र सरकार ने वैकेंसी जारी की गई है। अग्निवीर बनने बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं। युवा रोजगार से जुड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 1971 में नारा दिया था कि गरीबी हटाओ और देश बचाओ। 70 साल तक देश में राज करने वाली कांग्रेस पार्टी न गरीबी हटा सकी और न देश बचा सकी। भाजपा रोजगार दे रही है, तो कांग्रेसियों को तकलीफ हो रही है और नौटंकी कर रहे हैं। अग्निवीर से देश मजबूत होगा। युवाओं का भविष्य अच्छा होगा।

### विधानसभा से भाग रही भूपेश सरकार

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने मानसून सत्र को लेकर भी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा मैंने 10 दिन का सत्र आयोजित करने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने सिर्फ एक सप्ताह का सत्र रखा है। उसमें भी दो दिन अवकाश रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने 3 साल का रिकॉर्ड देख ले। कभी भी 40 दिन का सत्र नहीं चलाया।उन्होंने कहा कि लंबे समय तक सत्र चलता है। उसका लाभ लोगों को मिलता है। सूचनाएं आती हैं, सवाल उठते हैं। भ्रष्टाचार पर लगाम लगती है, लेकिन यह सरकार विधानसभा से भागना चाहती है। बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का 14वां सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 27 जुलाई तक चलेगा। इस सत्र में कुल 6 बैठकें होंगी।

# अशर्फी देवी हॉस्पिटल में ओपीडी रजिस्ट्रेशन के लिए बनाए ऑनलाईन व्यवस्था-कलेक्टर भीम सिंह

कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर भीम सिंह की अध्यक्षता में अशर्फी देवी महिला चिकित्सालय के प्रबंधन की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुयी। जिसमें रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने अशर्फी देवी महिला चिकित्सालय की आय-व्यय के साथ आवश्यक संसाधनों की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने आय-व्यय की जानकारी लेते हुए रायगढ़ एसडीएम रायगढ़ को हॉस्पिटल के एकाउंट का ऑडिट करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने डॉ.रूपेन्द्र पटेल से नियमित मरीजों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने हॉस्पिटल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के ओपीडी रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाईन सिस्टम बनाने के निर्देश दिए। जिससे अस्पताल से लाभान्वित होने वाले मरीजों की मॉनिटरिंग की जा सके। साथ ही हॉस्पिटल में सीसी टीवी कैमरा लगाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर सिंह ने हॉस्पिटल स्टॉफ की जानकारी लेते हुए एक फूल टाईम महिला रोग विशेषज्ञ एवं एमबीबीएस डॉक्टर तैनात करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए तथा अस्पताल के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था करने के लिए कहा। हॉस्पिटल में आवश्यकता को देखते हुए एक एम्बुलेंस प्रदान करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। उन्होंने अस्पताल के संचालन हेतु भवन की उपलब्धता पर जानकारी ली। वर्तमान में संचालित वार्ड की स्थिति का मुआयना करने एवं नये निर्माण की आवश्यकता पर प्राक्कलन करने के निर्देश ईई पीडब्लूडी को दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में आईसीयू वार्ड तैयार करने के लिए भी कहा। उन्होंने श्री धन्वंतरि में ब्रांडेड दवाई की बिक्री पर ड्रग इंस्पेक्टर के माध्यम से चेक करवाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, ईई पीडब्लूडी आर.के.खाम्बरा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सोनोग्राफी सेंटर में लगे ट्रेकर की करें नियमित मॉनिटरिंग-कलेक्टर

कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने हॉस्पिटल एवं सोनोग्राफी सेन्टरों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने जिले में सोनोग्राफी केन्द्रों एवं पंजीकृत संस्थाओं की जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केसरी ने बताया कि सोनोग्राफी सेन्टर के रूप में कुल 31 पंजीकृत संस्था है। जिसमें 01 शासकीय एवं 30 निजी है। इसी तरह एक निजी आईव्हीएफ सेन्टर, एक-एक निजी ईको सेन्टर तथा आई हॉस्पिटल तथा 01 शासकीय मंकी स्टरलाईजेशन सेंटर एवं एक निजी एमआरआई सेंटर सहित कुल 36 संस्थाएं पंजीकृत है। कलेक्टर सिंह ने नवीन पंजीयन, चिकित्सक का नाम हटाने एवं जोड़ने, सीटी स्केन मशीन का नाम जोड़ने तथा पूर्व पंजीयन फार्म-बी में स्थान परिवर्तन की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सोनोग्राफी सेंटरों में गर्भपात से संबंधित सारी डिटेल रखे तथा सभी सोनोग्राफी सेंटरों में लगे एक्टिव ट्रेकर मशीन का नियमित निरीक्षण किया जाए। इस दौरान श्री वेदप्रकाश पटेल, स्नेहलता शर्मा, डॉ.श्रीमति सुषमा एक्का, डॉ.विभा मिंज, डॉ.पी.के.गुप्ता, डॉ.एस.टोप्पो, सतपाल बग्गा आदि उपस्थित थे।

# युवा संकल्प संगठन ने बिजली विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शहर में लगातार बिजली कटौती देखी जा रही है जिससे आमजन परेशान है। बिजली की समस्या को लेकर युवा संकल्प संगठन ने बिजली विभाग के खिलाफ आज मोर्चा खोल दिय और मुख्य अभियंता विद्युत मंडल रायगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपा।






बता दे कि बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। ज्ञापन में उल्लेख है कि शहर में आय दिन बिना सूचना के घंटों-घंटों तक बिजली की कटौती हो रही है जो रायगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र होने पर सवालिया निशान खड़ा करता है। गर्मी के महीने में जिस तरह से मेंटेनेंस के नाम पर विद्युत विभाग ने बिजली कटौती की है उसकी पोल पहली बरसात की कुछ चंद बूंदों ने खोल कर रख दी है। बिजली विभाग की तानाशाही रवैये के खिलाफ आमजनों का गुस्सा फूटता देखने को मिल रहा है। सुबह हो या रात बिजली कटने के बाद विभाग के नम्बर पर कॉल करने से कोई रिस्पोंस नहीं मिलता है। आम जनता को गर्मी या अंधेरे में रात गुजारने के अलावा और कोई उपाय नहीं दिखता। वही युवा संकल्प संगठन का आरोप है कि रायगढ़ शहर के कई वार्ड में रीडर बिजली रीडिंग लेने नहीं आ रहे है। जिसके चलते उपभोक्ता को बिजली का बिल नहीं मिल पा रहा है। बिजली विभाग द्वारा 4 से 5 महीनों से न तो रीडिंग लिया जा रहा है और न ही बिल दिया जा रहा है फिर अचानक बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को चालीस हजार पचास हजार का बिल भेज दिया जाता हैं। ऐसे में उपभोक्ता को बिल का भुगतान करने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता हैं। युवा संकल्प संगठन का कहना है कि आज ज्ञापन के माध्यम से बिजली समस्यों से अवगत कराया गया। अगर जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो युवा संकल्प संगठन उग्र आंदोलन करेगी।

## एक नजर

### महिला क्रिकेट ट्रायल संपन्न, राजधानी में होगा राज्य टीम का गठन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देश पर जिला क्रिकेट संघ द्वारा संस्कार क्रिकेट एकेडमी के सीमेंट पिच पर महिला खिलाड़ियों का ट्रायल लिया गया। चयनकर्ता पंकज बोहिदार एवं जफर उल्लाह सिद्धिकी द्वारा खिलाड़ियों के बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी कौशल का आंकलन किया गया। इसी के आधार पर महिला खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर पर चुने जाने वाली टीम के ट्रायल हेतु किया गया। चयनित खिलाड़ी इस प्रकार है। सीनियर वर्ग में आरती मुंडा एवं पूजा डहरिया अंडर 23 वर्ग में सुनैला यादव, ममता भगत, प्रियंका भगत, देवनी भगत, अंजू श्रीवास, वीरता चौहान, अंडर 19 वर्ग में भूमि मैत्री, मनसा साव, अंडर 16 वर्ग में अक्षालिका टोप्पो एवं साईत्रिशा प्रधान शामिल है। चयनित खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। ये खिलाड़ी राजधानी रायपुर के जिला क्रिकेट ग्राउंड में 4 जुलाई को ट्रायल देंगे। ट्रायल के दौरान वरिष्ठ खिलाड़ी महेन्द्र साव, अमित कुंवर, शरद यादव, भूषण तिग्गा, राजू टोप्पो तथा बड़ी संख्या में पालकगण एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे।

### तमनार क्षेत्र में खाद की कमी को लेकर एसडीएम से मिले किसान जिलाध्यक्ष राजा शर्मा

एसडीएम डिगेश पटेल ने दिया आश्वासन, कहा जल्द पूरी होगी खाद्य वितरण की समस्या

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।



तमनार क्षेत्र के किसान कांग्रेस के द्वारा ग्राम सरायपाली जिवरी डारआमा आदि ग्रामीण क्षेत्र में खाद को लेकर किसान काफी चिंतित है। क्योंकि बुनाई का समय भी नजदीक है और अभी तक के सोसायटीओं में खाद पूरी तरह से वितरण में भंडारण नहीं होने के कारण समस्या हो रही है जिसको लेकर जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष राजा शर्मा ने आज किसान पदाधिकारियों के साथ मिलकर घरघोड़ा के तेजतर्रार युवा एसडीएम डीगेश पटेल से मुलाकात कर समस्या से रूबरू कराया और ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग है कि जल्द से जल्द सराईपाली क्षेत्र में खाद की कमी के समस्त को दूर किया जाए और किसानों को सही वक्त में खाद की प्राप्ति हो मांग को लेकर घरघोड़ा एसडीएम पटेल ने त्वरित दूरभाष से चर्चा कर अधिकारियों को निर्देश जारी किया और अविलंब क्षेत्र में खाद पहुंचाने के निर्देश दिए समस्या को लेकर सरायपाली से आए किसान कांग्रेस के जिला सचिव मीन केतन पटेल हेमराज पटेल डॉक्टर प्रसाद पटेल आनंद राम विचित राम लीलाराम राखी राम सिदार संदीप भोये चमक राम सिदार पंकज गुप्ता सुखलाल राठिया आदि किसान उपस्थित रहे।

### इंद्रिरा मार्केट में चला निगम का कब्जा हटाओ अभियान, 50 से अधिक दुकानों पर कार्रवाही

**दुर्ग** । नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण के विरुद्ध निगम ने अभियान छेड़ रखा है प्रभारी आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने अपने टीम के साथ पहुंचकर इंद्रिरा मार्केट में अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग, ग्लो साइन बोर्ड, ठेले, सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा सामान फुटपाट पर समान निकालकर बेचने व आदि को हटाकर सड़क, फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्यवाही इंद्रिरा मार्केट से लेकर स्टेशन रोड, फरिश्ता कम्प्लेक्स, पोलसाय पारा, अग्रेसन चौक तक अतिक्रमण करने वालों पर नगर निगम के अतिक्रमणदस्ता ने बड़ी कार्रवाई की। दुकान के बाहर अतिक्रमण करके सड़क-फुटपाथ पर सामान फैलाकर दुकानदारी करने वालों के खिलाफ नगर निगम अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने कार्रवाई करते हुए दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि दुकान के बाहर सड़क व फुटपाट पर समान फैलाकर दुकानदारी न करें वरना जब्त की कार्यवाही की जाएगी।

# वृद्ध महिला के साथ पड़ोसी ने किया दुष्कर्म, आरोपी जेल दाखिल



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेज दिया गया। घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की सिसरिंगा के आश्रित ग्राम बावनबहरी की है। जहां 40 वर्षीय युवक ने 65 वर्षीय वृद्ध महिला के साथ बलात्कार किया है। आरोपी बरतराम तिर्की पिता रामनाथ उम्र 40 वर्ष एवं पीड़ित महिला दोनों रात में एक साथ शराब का सेवन किए। जिसके बाद आरोपी युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म किया है। पीड़ित महिला ने धरमजयगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसपर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आगे की कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# मानिकपुरी पनिका समाज के लिए विधायक लालजीत सिंह राठिया ने दिये 10 लाख रूपये

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



मानिकपुरी पनिका समाज वनांचल समिति हाटी- कुदमुरा के पदाधिकारियों ने विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिह राठिया से निवास गृह वृंदावन जाकर सौहार्द पूर्ण वातावरण में सौजन्य भेंट मुलाकात किया गया। समाज के संत दास, श्याम दास, रघुवीर दास, मानिक दास, नारायण दास, अरुण दास, हरियर दास, नारायण दास, किरण दास, मदन रामजीवन दास एवं अनेक समाज सेवियों ने अपने समाज की जरूरत मंद चीजों के लिए मांग किया गया था। जिस पर विधायक लालजीत सिंह राठिया ने मंच निर्माण एवं अहाता निर्माण की मांग को लेकर प्रपत्र सौंपा गया था। जिसे पूरा करने का आश्वासन देते हुये मंच निर्माण के लिये 2 लाख रूपये तथा आहाता निर्माण के लिये 5 लाख रूपये एवं बंगरसुता में मंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपये कुल राशि 10 लाख रूपये देने की औपचारिक घोषणा किया गया। वहीं मानिकपुरी पनिका समाज द्वारा विधायक लालजीत सिंह राठिया को आभार व्यक्त किया गया है। समाज के लोगों का यह कहना है कि सभी समाज के प्रति विधायक राठिया द्वारा ध्यान दिया जाता है। जो उनके दरबार में गया है उनकी मांगें पूरी हुई है।

# जूटमिल क्षेत्र में हो रही अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाए रायगढ़ पुलिस-मुक्तिनाथ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ पार्षद और जूटमिल-चक्रधरनगर भाजपा मंडल महामंत्री मुक्तिनाथ बबुआ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जूटमिल क्षेत्र में हो रही अवैध शराब की बिक्री पर रायगढ़ पुलिस को त्वरित कार्यवाही करते हुए रोक लगाने की जरूरत है। आगे युवा भाजपा नेता मुक्तिनाथ ने कहा कि उन्हें स्थानीय प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और क्षेत्रवासियों के माध्यम लगातार जानकारी मिल रही है कि जूटमिल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर निगम के अधिकांश वार्डों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही हैं और क्षेत्रवासियों द्वारा जूटमिल पुलिस को मौखिक सूचना देने पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही हैं जो कि निश्चित रूप से पुलिस की उदासीन कार्यशैली की सूचक है। क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री से न सिर्फ क्षेत्र का सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है बल्कि बड़े तादाद में स्थानीय युवा वर्ग खासकर नाबालिग लड़के भी शराबखोरी की लत में पड़ते जा रहे हैं। आगे युवा भाजपा नेता ने यह भी कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय पुलिस को नियमित रूप से छापेमार कार्यवाही करने और पुलिस गश्त को बढ़ाने की जरूरत है और वो इस कार्य में अपनी ओर जूटमिल पुलिस को यथासंभव सहयोग देने को हमेशा तत्पर रहेंगे।

# खेत की जुताई करते समय ट्रैक्टर पलटा, दबकर चालक की मौके पर हुई मौत

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंगसुवा के कोनपारा का है। हादसे से हड़कंप मच गया चालक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। घटना की सूचना पत्थलगांव पुलिस को दी गई है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक पंगसुवा गांव निवासी दिलीप नाग के 25 वर्षीय पुत्र शिव शंकर नाग खेती किसानी के लिए ट्रैक्टर से अपने खेत की जुताई कर रहा था। दोपहर करीब 2 बजे खेत की जुताई के लिए मेढ़ से नीचे उतार रहा था। तभी अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया। इसमें दबकर चालक शिवशंकर की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने देखा तो दौड़कर आए लेकिन तब तक चालक की जान जा चुकी थी। कुछ लोग मृतक के घर जाकर घटना की जानकारी दी। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। वही घटना की सूचना पत्थलगांव पुलिस को दी गई है। जहां घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर मार्ग पंचनामा तैयार कर रहे है। बताया जाता है कि शिवशंकर कुंवारा था। अगले साल शादी होने वाला थाए इससे पूर्व हादसे में उसकी मौत हो गयी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताते चले कि रविवार को भी इसी प्रकार ट्रैक्टर पलटने से खूंटापानी के एक चालक की मौत हो गई थी, इनदिनों किसान धान की बुआई के लिए खेतों की जुताई करवा रहे है। जिससे लगातार ट्रैक्टर पलटने की घटना सामने आ रहे है।

# तेज रफ्तार हाइवा के टक्कर से मोटरसाइकिल सवार हुए जखमी

112 की मदद से पहुंचे अस्पताल



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

मोटर साइकिल सवार दो जख्मी युवक को उपचार के लिए सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती कराया गया है। धरमजयगढ़ से रायगढ़ रोड पर लगभग 5 किलोमीटर आगे तेज रफ्तार हाइवा गाड़ी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल में सवार दोनों युवक को गंभीर चोट लगी है। मौके पर उपस्थित लोगों ने 112 में डायल कर घटना की जानकारी दी। जिसपर चालक अमित एवं आरक्षक संत पटेल ने घायल युवकों को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों का उपचार जारी है। घायल दोनों युवक हृदयकुमार उम्र 17 वर्ष, चित्रसेन नाग उम्र 35 वर्ष बेंदोंपानी रतनपुर थाना कापू निवासी हैं। परिवारिक काम से घरघोड़ा गए हुए थे। जहां से वापस लौट रहे थे तभी शाम को 4.30 बजे तेज रफ्तार हाइवा गाड़ी ने टक्कर मार दी। दोनों युवक के पैर में चोट लगी है। बता दें कि प्रेमनगर में कोयला साइडिंग शुरू होने से प्रतिदिन कोयला लोड सैकड़ों गाड़ी का आनाजाना हो रहा है।

# छात्र-छात्रों ने निकाली रैली, काजल के हत्यारों को फांसी दो के नारे से गूंजा शहर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शहर की बेटी काजल मसंद की हत्या के बाद घटना को लेकर शहरवासियों में आक्रोश है। मृतिका के परिजन और उसके समाज के लोगों के अलावा अब विद्यार्थी भी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए है।




आज छात्रों द्वारा आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग करते हुए रैली निकाली गई और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं अंबेडकर चौक के पास एकत्रित हुए। जिसके बाद शहर की बेटी काजल मसंद को न्याय दिलाने के लिए शहर की गलियों में आवाज बुलंद करते हुए रैली निकाली गई। छात्र-छात्राओं की रैली कलेक्ट्रेट, चक्रधर नगर थाना, शनि मंदिर से होते हुए एसपी ऑफिस के गेट के पास पहुंची। इस दौरान काजल के हत्यारों को फांसी दो के नारे लगाए गए। काजल के हत्यारों को फांसी दो के नारे से पूरा शहर गूंज उठा। ज्ञात हो कि आरोपियों में से एक आरोपी पहले भी अपराधों में शामिल रहा है। छात्रों द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि हत्या के आरोप में पकड़े गए आरोपियों में से एक आरोपी पूर्व में भी अपराध कर चुका है। इसलिए इनके विरुद्ध सख्त धाराएं लगाया जाना चाहिए जिससे कि आरोपियों को सख्त सजा मिल सके। छात्रगणों द्वारा पुलिस से यह निवेदन किया गया है कि उनके द्वारा जितने पुख्ता साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे, उतनी ही मजबूती से इन आरोपियों को कठोर सजा का मार्ग प्रस्तुत होगा। छात्रों द्वारा संवेदनशीलता के साथ पुलिस से कठोर सजा दिलाने की मांग की गई है। अपको यहां यह बताना लाजमी होगा कि शहर में काजल की हत्या के बाद महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। जरूरी है कि पुलिस आरोपियों के विरोध कठोर चालान पेश कर कड़ी सजा दिलाए ताकि समाज के लिए एक बेहतर संदेश जाए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in